सोमवार, 25 मई 2026

मौसम

तापमान 29 – 36
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 04:53 सूर्यास्त: 18:13

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



जयशंकर-रूबियो वार्ता से भारत-अमेरिका रिश्तों में फिर दिखी गर्माहट पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : मुश्किलों में मुस्कुराते रहिये, बुलंदियां खुद तलाशने लगेंगी।

# कोलकाता में तीन अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर

## तृणमूल नेताओं से जुड़ी तीन संपत्तियां की गई ध्वस्त



बेलेघाटा



कस्बा



तिलजला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने रविवार को तिलजला, कस्बा और बेलेघाटा सहित शहर के कई हिस्सों में कथित अवैध ढांचों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केएमसी ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उन ढांचों को ध्वस्त किया, जो नगर नगम के नियमों का कथित रूप से उल्लंघन कर बनाए गए थे। नगर निगम के अधिकारी तिलजला के वार्ड 66 में पहुंचे और कड़ी सुरक्षा के बीच इमारतों के अनाधिकृत हिस्सों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। इस वार्ड का प्रतिनिधित्व तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक जावेद खान के बेटे फैयाज अहमद खान करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह का अभियान बेलेघाटा पुलिस थाना क्षेत्र में ईस्ट कुरिया रोड पर भी चलाया गया, जहां तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता राजू नस्कर से कथित तौर पर जुड़ी एक इमारत को ध्वस्त कर दिया गया। केएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि 21 मई को मकान मालिक को नोटिस जारी कर 48 घंटों के भीतर संबंधित भवन दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया था। मकान मालिक की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर आज अतिक्रमण रोधी दल ने कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारी ने कहा कि श्रमिकों ने पहले हथौड़ों और कुल्हाड़ियों का इस्तेमाल करके ढांचे के कुछ हिस्सों को हाथ से तोड़ा, जिसके बाद बड़े हिस्सों को गिराने के लिए बुलडोजर की मदद ली गई। इस बीच, भूमि घोटाले के आरोपी 'सोना पप्पू' से जुड़े कस्बा इलाके के कुछ हिस्सों में भी ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। आरोप है कि वहां बिना अनुमति के पांच मंजिला इमारत का निर्माण किया गया था।

# फलता उपचुनाव : भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा 1.09 लाख वोट के अंतर से विजयी



## टीएमसी उम्मीदवार की जमानत जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने रविवार को फलता विधानसभा सीट पर 1,09,021 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान चौथे स्थान पर रहे और उनकी जमानत जब्त हो गई। पांडा को 1,49,666 वोट मिले, जबकि माकपा के शंभू नाथ कुर्मी 40,645 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस उम्मीदवार अब्दुर रज्जाक मोल्ला 10,084 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जबकि, खान को महज 7,783 वोट मिले। भाजपा ने पुनर्मतदान में 71.2 प्रतिशत वोट हासिल किए, जो 2021 में 36.75 प्रतिशत के मुकाबले एक बड़ी छलांग है, जबकि टीएमसी का मत प्रतिशत गिरकर सिर्फ 3.7 प्रतिशत रह गया। इस जीत के साथ, निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड में राज्य में भाजपा की सीटों की संख्या बढ़कर 208 हो गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जीत की सराहना की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भाजपा की शानदार जीत की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि यह परिणाम सत्तारूढ़ पार्टी के प्रति राज्य की जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''फाल्टा की जनता ने अपना फैसला सुना दिया है! लोकतंत्र की जीत हुई है और धमकियों की हार हुई है। फाल्टा में रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल करने के लिए श्री देबांग्शु पांडा जी को बधाई। यह भाजपा के प्रति पश्चिम बंगाल की जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग पश्चिम बंगाल की नयी सरकार के सभी क्षेत्रों में किए जा रहे असाधारण कार्यों को देख रहे हैं, तथा इसलिए उन्होंने भाजपा को और अधिक समर्थन देने का फैसला किया है।

### डायमंड हार्बर मॉडल अब हार-बार मॉडल : शुभेंदु अधिकारी

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा को 'भारी जनादेश' देने के लिए वह 'फलता की जनता को नमन' करते हैं। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने एक लाख वोट के अंतर से जीत दिलाने की अपील की थी, लेकिन लोगों ने इस लक्ष्य से अधिक वोट से विजय दिला दी। 'विकास के माध्यम से कर्ज चुकाने' और एक 'सुनहरा फलता' बनाने का वादा करते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान पार्टी एक 'माफिया कंपनी' में बदल गई, जिसने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया, जनता का धन लूटा और गिरोहों तथा धमकियों की संस्कृति को बढ़ावा दिया। अधिकारी ने एक 'धोखेबाज' का भी जिक्र किया, जिसने 'कमांडर का पद' हासिल कर लिया था।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम उपचुनाव में फलता की तरह भारी जीत का लक्ष्य रखा



**पूर्व मेदिनीपुर :** फलता सीट पर चुनाव में भाजपा की शानदार जीत से उत्साहित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम के उपचुनाव में अपनी पार्टी की सफलता का लक्ष्य निर्धारित किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नंदीग्राम के अपने पहले दौरे पर अधिकारी ने अपने समर्थकों को आश्वस्त किया कि सीट खाली करने के बावजूद उनका अपने राजनीतिक गढ़ से जुड़ाव पूरी तरह मजबूत बना हुआ है। उन्होंने अभिनंदन रैली को संबोधित करते हुए अपने समर्थकों से पूछा कि क्या वे नंदीग्राम में भी फलता जैसी जीत का अंतर दोहरा सकते हैं, जहां भाजपा ने एक लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की है। रविवार को नंदीग्राम में आयोजित रैली में, अधिकारी ने विधायक पद से अपने इस्तीफे को लेकर समर्थकों के बीच फैली चिंताओं को दूर करने की कोशिश की और इस बात पर जोर दिया कि सीट छोड़ने से इस क्षेत्र से उनका जुड़ाव कमजोर नहीं होगा। नंदीग्राम को अपना 'घर' और अपने राजनीतिक उत्थान की जन्मस्थली बताते हुए अधिकारी ने कहा कि 2003 से संघर्ष के दौरान बना उनका रिश्ता, भवानीपुर जाने के बावजूद, पहले की तरह कायम रहेगा।

**'मैं कुछ नहीं भूला, सबका हिसाब होगा'**

उन्होंने चुनाव के बाद भड़की हिंसा और भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। शुभेंदु अधिकारी ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि मैं कुछ भी नहीं भूला हूं, हर बात का हिसाब लिया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि साल 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्यभर में भाजपा कार्यकर्ताओं को बेरहमी से निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि अगर आप चाहें, तो टीएमसी कार्यकर्ताओं के घरों की ईंटें तक उखाड़ सकते हैं। लेकिन आप ऐसा बिल्कुल मत कीजिएगा, क्योंकि भाजपा इस तरह की राजनीति नहीं करती है। मुझे सब कुछ अच्छे से याद है और मैं किसी को नहीं छोड़ूंगा। हर एक जुल्म का हिसाब कानून के दायरे में रहकर किया जाएगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि दो बार चुनाव हारने वाली मुख्यमंत्री ने हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के पीड़ित परिवारों को कोई आर्थिक मदद तक नहीं दी। शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उन्हें कानून हाथ में लेने की कोई ज़रूरत नहीं है, क्योंकि उनके साथ हुए हर अन्याय का हिसाब अब सरकार और दल खुद करेगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज 66 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित होने वाले 2026 के पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस समारोह में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करेंगी। वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रपति ने 131 पद्म पुरस्कार देने को मंजूरी दी है, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, शेष पद्म पुरस्कार बाद में आयोजित होने वाले समारोह के दूसरे चरण में प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

## सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में लगभग 5.49 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए: यूपीएससी

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने बताया कि रविवार को आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में लगभग 5.49 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। इस वर्ष पहली बार आयोग ने परीक्षा केंद्रों पर वास्तविक समय में अभ्यर्थियों के चेहरे की पहचान करने की प्रणाली शुरू की, ताकि फर्जीवाड़े को रोका जा सके और परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता को मजबूत किया जा सके। यूपीएससी ने एक बयान में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह प्रणाली सभी परीक्षा केंद्रों पर पूरी तरह से कारगर रही। इसमें कहा गया कि यूपीएससी द्वारा संभवत: सबसे बड़े पैमाने पर वास्तविक समय में चेहरे की पहचान की प्रक्रिया को पूरा किया गया।

## सीबीएसई ने उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियों के लिए आवेदन करने की तारीख बढ़ाकर 25 मई की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब अंतिम तिथि 25 मई की मध्यरात्रि तक कर दी गई है। सीबीएसई ने पहले अंतिम तिथि 22 मई से बढ़ाकर 23 मई की थी, फिर बढ़ाकर 24 मई तक किया और अब पोर्टल के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां प्राप्त करने में छात्रों की कठिनाइयों की शिकायतों के बाद इसे 25 मई की मध्यरात्रि तक बढ़ा दिया गया है। बोर्ड ने परिपत्र में कहा, ''22 मई, 2026 के परिपत्र के क्रम में और छात्रों को अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां प्राप्त करने के लिए आवेदन जमा करने के वास्ते पर्याप्त समय प्रदान करने के उद्देश्य से अंतिम तिथि को और आगे बढ़ा दिया गया है।'' बोर्ड ने विद्यार्थियों को विस्तारित समय सीमा का लाभ उठाने और तदनुसार आवेदन जमा करने की सलाह दी है, साथ ही यह स्पष्ट किया है कि 'अन्य सभी शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी'।

## यूसीसी से आदिवासियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, समुदाय दुष्प्रचार के झांसे में न आए : अमित शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का आदिवासी समुदायों की परंपराओं, संस्कृति और रीति-रिवाजों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने लोगों से इस मुद्दे पर फैलाए जा रहे दुष्प्रचार से सावधान रहने की अपील की। आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर लाल किला मैदान में आयोजित 'जनजातीय सांस्कृतिक समागम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में यूसीसी लागू करते समय विशेष प्रावधान किए गए हैं, ताकि आदिवासी समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जा सके।शाह ने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि यूसीसी आदिवासियों को उनकी संस्कृति और परंपराओं के अनुसार जीवन जीने के अधिकार से वंचित कर देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार किसी भी आदिवासी या वनवासी समाज पर यूसीसी का कोई प्रावधान नहीं थोपेगी।गृह मंत्री ने कहा, मैं देशभर के आदिवासी भाइयों-बहनों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि उनकी परंपराओं और रीति-रिवाजों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। उन्होंने लोगों से गांवों और वन क्षेत्रों में जाकर सही जानकारी पहुंचाने की अपील भी की।नक्सलवाद का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि देश इस समस्या से मुक्ति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि दशकों तक नक्सली हिंसा के कारण आदिवासी क्षेत्रों का विकास प्रभावित रहा, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है।

## संसद रत्न पुरस्कारों के लिए 12 सांसद, चार संसदीय समितियां चयनित

**नयी दिल्ली :** इस साल के संसद रत्न पुरस्कारों के लिए 12 सांसदों और चार संसदीय समितियों का चयन किया गया है। निजी संगठन 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' ने एक बयान में बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जगदंबिका पाल (उत्तर प्रदेश), पी. पी. चौधरी (राजस्थान), निशिकांत दुबे (झारखंड) और शिव-सेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र) पुरस्कारों के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में चुने गए सांसदों में शामिल हैं। बयान के अनुसार, प्रवीण पटेल (उत्तर प्रदेश), विद्युत बरन महतो (झारखंड), लुम्बाराम चौधरी (राजस्थान), हेमंत विष्णु सवरा (महाराष्ट्र), स्मिता उदय वाघ (महाराष्ट्र), नरेश गणपत म्हस्के (महाराष्ट्र), मेधा विश्राम कुलकर्णी (महाराष्ट्र) और नरहरि अमीन (गुजरात) को इस साल बजट सत्र के अंत तक संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। चार संसदीय समितियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

## लाल किला विस्फोट: एनआईए के आरोपपत्र में 'आतंकवादी साजिश' के लिए एआई के इस्तेमाल का खुलासा

**एनआईए आरोपपत्र में सामने आया आतंकियों का हाईटेक नेटवर्क; चैटजीपीटी और यूट्यूब से जुटाई गई विस्फोटक बनाने की जानकारी**

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के लाल किले के पास पिछले वर्ष हुए कार विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों में कृत्रिम मेधा (एआई) मंचों के कथित इस्तेमाल का खुलासा किया है। एजेंसी के अनुसार, अल-कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य ने चैटजीपीटी और यूट्यूब के माध्यम से रॉकेट तथा विस्फोटक तैयार करने संबंधी जानकारी जुटाई थी।एनआईए द्वारा 14 मई को विशेष अदालत में दाखिल 7,500 पन्नों के आरोपपत्र में बताया गया है कि आरोपियों ने 'रॉकेट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आरआईईडी) तैयार किए और जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड जंगल में उनका परीक्षण भी किया। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने आईईडी बनाने के लिए लगभग प्रयोगशाला स्तर की तकनीकी तैयारी और सावधानी बरती।आरोपपत्र में कहा गया है कि मुख्य आरोपी जासिर बिलाल वानी ने चैटजीपीटी पर रॉकेट बनाने का तरीका और मिश्रण का अनुपात जैसी जानकारियां खोजीं। जांच में सामने आया कि वह अंसार गजवत-उल-हिंद मॉड्यूल से जुड़ा था, जिसका संबंध अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से बताया गया है।मामले में हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े तीन चिकित्सकों की भूमिका भी सामने आई है। आरोप है कि उन्होंने तकनीकी सहायता, विस्फोटक सामग्री और परीक्षण में सहयोग दिया।एनआईए के अनुसार, आरोपियों ने ऑनलाइन माध्यमों से सेंसर, रिले-स्विच, हीट गन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदे, जिनका इस्तेमाल आईईडी तैयार करने में किया गया। जांच एजेंसी का मानना है कि यह मामला आतंकवाद में आधुनिक तकनीक और एआई के बढ़ते इस्तेमाल की गंभीर चेतावनी है।



## देखभाल करना नैतिक-कानूनी जिम्मेदारी

संवेदनाओं के क्षरण व आत्मकेंद्रित होती नई पीढ़ी के दौर में मां-बाप की बेकद्री विचलित करने वाली है। यह विडंबना ही है कि उन मां-बाप की देखभाल करने का निर्देश अदालत को देना पड़ रहा है, जिनका ऋण वे कभी चुका ही नहीं सकते। मां के रक्त से सींचे गए और पिता की पसीने से पले-बढ़े बेटे से यदि अदालत को कहना पड़े कि 'मां को घर में रहने के लिये एक कमरा, अलग बाथरूम और बुनियादी सुविधाएं दी जाएं', तो यह बात शर्मसार करने वाला है। जिस मां ने नौ माह तक बेटे को अपने पेट में पाला, उसे घर में रहने देने के लिये अदालत को निर्देश देना पड़े, इससे बड़ा कृतघ्नता का दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। भले ही यह कोर्ट का आदेश हो, लेकिन यह एक अलिखित नैतिक दायित्व पहले से ही है। निश्चय ही यह घटनाक्रम हमारे समाज की बेहद कष्टदायक होती तसवीर को ही उकेरता है। सामान्य तौर पर मां-बाप अपना पेट काटकर, अपने सुख-सुविधाओं पर समझौता कर, बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास करते हैं। एक मां-बाप ही होते हैं जो सच्चे मन से अपने बच्चों की तरक्की चाहते हैं। निस्संदेह, ऐसी पढ़ी-लिखी संतानों से अनपढ़ संतानें बेहतर हैं, जो कम से कम अपने वृद्ध माता-पिता के पास रहकर उनका ख्याल तो रखती हैं। यह सवाल परेशान करने वाला है कि जिस समाज में 'मातृ देवो भव' की सर्वस्वीकार्य मान्यता रही हो, वहां ये कैसी कलयुगी संतानें जन्म ले रही हैं? मां-बाप की बेकद्री की यह अकेली कहानी नहीं है, हर रोज अखबारों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें धन-संपत्ति के लिये मां-बाप से क्रूरता की जा रही होती है। निस्संदेह, यदि उनकी अवहेलना व उत्पीड़न का यह क्रम यूं ही चलता रहा तो बहुत संभव है भारत में भी पश्चिमी देशों जैस चलन शुरू हो जाएगा, जहां मां-बाप बच्चों को होश संभालने के बाद ही उन्हें पैरों पर खड़ा होने के लिये चलता कर देते हैं।

दरअसल, पश्चिमी देशों में मां-बाप मानकर चलते हैं कि बड़े होकर बच्चों ने उनकी देखभाल नहीं करनी, अत: इनसे पहले ही किनारा कर लो। आधुनिकता व तरक्की की लाख इबारतें लिख ली जाएं, भारतीय समाज कभी पश्चिमी समाज की तर्ज पर नहीं चल सकता। भारत श्रवण कुमार का देश है और आज भी अधिसंख्य संतानें अपने मातृ-पितृ ऋण उतारती हैं। उनका ख्याल रखती हैं। विकृतियां महानगरीय संस्कृति की भी देन हैं। बच्चों की भी अपनी दुश्वारियां हैं। फिर भी भारतीय संस्कृति में वो शक्ति है जो पारिवारिक मूल्यों को सींचती है। बहरहाल, माता-पिता की सेवा-सम्मान व बुढ़ापे में उनकी देखभाल करना महज एक सांस्कृतिक दिखावा नहीं है बल्कि संतानों का नैतिक-कानूनी दायित्व भी है। हाल ही में कोर्ट ने जिस घर में बेटे को वृद्ध मां को एक कमरा आदि देने को कहा, वह मकान वृद्धा के दिवंगत पति द्वारा ही बनाया गया था। जिसमें अपना हक पाने हेतु उसे न्यायिक हस्तक्षेप का सहारा लेना पड़ा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि किसी वृद्ध मां को आश्रय और आत्म स्वाभिमान हेतु बच्चों के खिलाफ कोर्ट-कचहरी करनी पड़े। निस्संदेह, यह उस भारतीय संयुक्त परिवार परंपरा का पराभव ही है जिसकी मिसाल पश्चिमी भोगवादी संस्कृति के अगुवा दिया करते थे। यहां न्यायालय के संवेदनशील व न्यायपूर्ण निर्णय की मुक्त कंठ से सराहना करनी होगी, जिसमें कोर्ट ने निर्णय के खिलाफ दी गई पुत्र की याचिका को खारिज कर जुर्माना लगाया। यह कष्टकारी ही है कि देशभर की अदालतें परित्यक्त-प्रताड़ित माता-पिता से जुड़े विवादों का सामना कर रही हैं। न्यायाधिकरणों और उच्च न्यायालयों ने दुर्व्यवहार करने वाले बच्चों को बेदखल करने तक के आदेश दिए हैं। अदालतों द्वारा माता-पिता द्वारा अर्जित संपत्ति पर उनके अधिकारों को बरकरार रखने ने वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 को सुदृढ़ ही किया है। न्यायपालिका ने संपत्ति के अधिकार के साथ ही कल्याण संबंधी चिंताओं को भी सावधानीपूर्वक संतुलित किया है। न्यायालय ने यह भी सुनिश्चित किया है कि पारिवारिक झगड़ों में कानून का दुरुपयोग न हो। लेकिन फिर भी संकट का समाधान सिर्फ कानून से संभव नहीं है। हाईकोर्ट का फैसला संदेश देता है कि विरासत पर बातचीत हो सकती है, लेकिन मानवता पर नहीं।

# कॉकरोच जनता पार्टी : अपमान से जन्मा डिजिटल जनविद्रोह



प्रो. आरके जैन अरिजीत

सपनों की उम्र जब नीट के पेपर लीक, अधूरी भर्तियों और बेरोजगारी में उलझे, तब गुस्सा भीतर ही भीतर जमा होने लगता है। 15 मई 2026 की अदालत टिप्पणी ने उसी दबे आक्रोश को आवाज दी। जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच और परजीवी कहा, तो यह बयान पूरी पीढ़ी के आत्मसम्मान पर चोट बन गया। युवाओं ने चुप रहने के बजाय अपमान को प्रतिरोध में बदला दिया। कुछ ही दिनों में कॉकरोच जनता पार्टी अभियान सोशल मीडिया पर फैल गया और उसके फॉलोअर्स कई मिलियन पार कर गए। यह लोकप्रियता नहीं, बल्कि गहरे असंतोष और टूटते भरोसे का संकेत है, जिसे युवा लंबे समय से भीतर दबाए बैठे हैं। अभिजीत दीपके ने इसे व्यंग्य के रूप में शुरू किया था, लेकिन अब यह मजाक की सीमा बहुत पीछे छोड़ चुका है।

यह सिर्फ इंटरनेट पर चल रहा कोई क्षणिक मजाक या मीम अभियान नहीं है; इसके पीछे उस पीढ़ी की घुटन है, जो डिग्री लेकर भी बेरोजगारी की कतारों में खड़ी है। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं, भर्तियां रद्द होती हैं और परिणाम अटक जाते हैं। लाखों युवा कोचिंग में समय, पैसा और मानसिक शांति खो रहे हैं। ऐसे में जब व्यवस्था उन्हें परजीवी की नजर से देखे, तो आक्रोश फूटना स्वाभाविक है। युवाओं ने कॉकरोच शब्द को अपमान नहीं, बल्कि प्रतिरोध की पहचान बना दिया। उनका संदेश है – व्यवस्था उन्हें कितना भी कुचलने की कोशिश करे, वे मिटने वाले नहीं हैं। जैसे कॉकरोच हर कठिन परिस्थिति में जीवित रह जाता है, वैसे ही यह पीढ़ी भी संघर्षों के बीच खुद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।

लंबे भाषणों और नारों के बीच कॉकरोच जनता पार्टी ने व्यंग्य को अपना हथियार बना लिया है। जहां पारंपरिक राजनीतिक दल विचारधाराओं में उलझते हैं, वहीं यह अभियान मीम्स, छोटे वीडियो और इंटरनेट संस्कृति से युवाओं से जुड़ रहा है। इसकी सदस्यता की शर्तें भी व्यवस्था पर तंज हैं – बेरोजगार होना, दिनभर ऑनलाइन रहना, पेशेवर ढंग से शिकायत करना और आलसी दिखना। पहली नजर में यह मजाक लगता है, लेकिन इसमें आज के युवा भारत की सच्चाई छिपी है। करोड़ों युवाओं के पास डिग्री और मेहनत है, पर अवसर नहीं। इसी कारण सोशल मीडिया पर लाखों युवा मैं भी कॉकरोच हूं कहकर अपनी पीड़ा साझा कर रहे हैं। कोई 5 साल से परीक्षा की तैयारी में अटका है, किसी को साक्षात्कार के बाद भी नौकरी नहीं मिली, तो कोई असफलताओं से टूट चुका है।

> ■ **जो मरना सीख चुके थे, उन्होंने कॉकरोच बनकर जीना शुरू कर दिया**
>
> ■ **अब हंसना भी हथियार है: जब बेरोजगार युवा व्यंग्य से लड़ाई लड़ रहे हैं**

यह आंदोलन केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक दबाव को भी उजागर कर रहा है। नौकरी का अभाव सिर्फ आय नहीं छीनता, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को कमजोर करता है। देश में युवा अवसाद, अकेलेपन और भविष्य के भय से जूझ रहे हैं। छोटे शहरों और गांवों से छात्र बड़े शहरों में कोचिंग और नौकरी की तलाश में आते हैं, लेकिन असफलता और असुरक्षा उनका पीछा करती है। परिवार की उम्मीदें, समाज के ताने और सोशल मीडिया की बनावटी सफलताएं इस दबाव को बढ़ा देती हैं। कॉकरोच जनता पार्टी ने इस दर्द को सार्वजनिक चर्चा में जगह दी है। यही कारण है कि यह आंदोलन इंटरनेट से आगे बढ़कर दिल्ली, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों में ऑफलाइन मुलाकातों और छोटे कस्बों में व्हाट्सऐप समूहों के जरिए लोगों को जोड़ रहा है।

स्क्रीन पर उठती प्रतिक्रियाएं अब वैश्विक राजनीति की नई शुरुआत बन चुकी हैं। पिछले दशक में कई बड़े जनआंदोलन सोशल मीडिया से ही शुरू हुए। अरब स्प्रिंग में युवाओं ने फेसबुक और ट्विटर से सत्ता को चुनौती दी, श्रीलंका के आर्थिक संकट में ऑनलाइन गुस्सा सड़कों तक पहुंचा और सरकार परिवर्तन हुआ, जबकि बांग्लादेश में छात्रों ने डिजिटल मंचों को आंदोलन का साधन बनाया। इसी बदलाव के बीच भारत में कॉकरोच जनता पार्टी एक नए दौर का संकेत देती है, जहां इंटरनेट केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जनभावनाओं का मंच बन चुका है। यहां शुरुआत गंभीर नारों से नहीं, बल्कि व्यंग्य और हास्य से हुई है। लेकिन इतिहास बताता है कि कई बार सबसे हल्की हंसी के भीतर गहरा असंतोष छिपा होता है।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह केवल डिजिटल शोर बनकर रह जाएगा या आगे चलकर चुनावी ताकत में बदल पाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी के पास फिलहाल कोई संगठित ढांचा नहीं है-न चुनावी मशीनरी, न संसाधन और न मजबूत जमीनी नेटवर्क। लेकिन उसकी ताकत उसी जगह है जहां आज राजनीति बदल रही है-डिजिटल स्पेस। लाखों युवाओं का जुड़ना दिखाता है कि देश में असंतोष का नया रूप उभर रहा है। यदि यह आंदोलन छात्र संगठनों, बेरोजगार युवाओं या क्षेत्रीय शक्तियों से जुड़ता है, तो यह पारंपरिक दलों के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने भी इसे युवा असंतोष का प्रतिबिंब माना है। साफ है कि अब सत्ता और विपक्ष दोनों इसे नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं।

डिजिटल युग में किसी आंदोलन की असली परीक्षा केवल उसकी लोकप्रियता नहीं, बल्कि उस पर सत्ता की प्रतिक्रिया भी होती है। सोशल मीडिया पर खातों को सीमित करना, सामग्री हटाना और इस अभियान को राष्ट्रविरोधी या अराजक बताने की कोशिशें दिखाती हैं कि इसे हल्के में नहीं लिया जा रहा। लेकिन इंटरनेट के दौर में विचारों को पूरी तरह रोकना कठिन है, खासकर जब वे करोड़ों युवाओं के अनुभव से जुड़े हों। यही कारण है कि कॉकरोच का प्रतीक इतना प्रभावी बन गया है – वह दबाने पर भी खत्म नहीं होता। आज का युवा पारंपरिक मीडिया पर निर्भर नहीं है; वह स्वयं कंटेंट बनाता है, विचार गढ़ता है और वायरल कर देता है। कॉकरोच जनता पार्टी इसी डिजिटल आत्मनिर्भरता का परिणाम है।

जब दर्द आवाज बनने लगे और स्क्रीन पर दिखने लगे, तो वह सिर्फ ट्रेंड नहीं रहता, संकेत बन जाता है। कॉकरोच जनता पार्टी अब इंटरनेट मजाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की अभिव्यक्ति है जो खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस करती है। इसका भविष्य अनिश्चित है-यह शांत हो सकता है या बदलाव का कारण बन सकता है। इतिहास दिखाता है कि सत्ता अक्सर युवा असंतोष को शुरुआत में हल्के में लेती है। लेकिन यह पीढ़ी अब चुप नहीं है; वह दर्द को मीम, अपमान को प्रतीक और गुस्से को डिजिटल आंदोलन में बदल रही है। यह केवल नाम नहीं, बल्कि चेतावनी है-और जब उपहास जनता का हथियार बन जाता है, तब सबसे मजबूत व्यवस्थाएं भी भीतर से दरकने लगती हैं।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से महंगाई के कारण आमजन प्रभावित



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भले ही 1970 के तेल संकट जैसे हालात होने की संभावना ना हो या 2008 जैसी वित्तीय मंदी के हालात ना हो फिर भी एक बात साफ है कि अमेरिका-ईरान के बीच करीब तीन माह से चल रहे युद्ध के नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। चाहे एशिया के देश हो या फिर योरोपीय देश सभी केवल वैश्विक तनाव ही नहीं अपितु ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ते दामों को रोकने में विफल ही हो रहे हैं। पिछले दस-पन्द्रह दिनों में ही हमारे देश में पेट्रोल- एलपीजी-सीएनजी- पीएनजी के दामों में एक बार नहीं अपितु तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। हांलाकि वर्तमान हालातों में सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। विपक्ष चाहे लाख आरोप लगाये या आंदोलन-प्रदर्शन करें पर अंतरराष्ट्रीय हालातों से आंख नहीं मूंदनी चाहिए। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमजन से आग्रह को भी इसी संदर्भ में सकारात्मकता से लिया जाना चाहिए। वैसे भी जब संकट का दौर हो और उस संकट के लिए हम या हमारी सरकार जिम्मेदार नहीं हो तो फिर देश में नकारात्मक माहौल बनाने के स्थान पर सकारात्मक माहौल बनाया जाना चाहिए। यह किसी एक व्यक्ति या किसी एक दल का नहीं अपितु सभी राजनीतिक दलों का दायित्व हो जाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ईंधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध ना होकर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हार्मुज संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह तो वैकल्पिक उर्जा के रुप में देश में सोलर, विण्ड एनर्जी के क्षेत्र में पिछले सालों में योजनावद्ध तरीके से तेजी से और बेहतर काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रोनिक वाहनों के उपयोग या सोलर एनर्जी के उपयोग पर खुले तौर पर आग्रह करने की स्थिति में है। नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में देश में तेजी से काम हुआ है और हो रहा है जो एक हद तक संकट को कम करने में सहायक बन रहा है।

आज की दुनिया आइसोलेट दुनिया नहीं है। एक देश की दूसरे देश पर निर्भरता बढ़ी है। कहीं से ईंधन के लिए तो कहीं से खाद्यान्न, कहीं दवा, कहीं अन्य किसी वस्तु के लिए निर्भरता बढ़ी है। युद्ध के चलते इंटरनेशनल लोजिस्टिक सेवाएं प्रभावित हुई है। जहां तक देश की ही बात की जाएं तो पेट्रोल, डीजल, एलपीजी आदि के कीमत में बढ़ोतरी का व्यापक प्रभाव पड़ने लगा है। सीधी सी बात है जब आवागमन महंगा होगा चाहे वह आम आदमी, सार्वजनिक क्षेत्र या लोजिस्टिक का हो तो उसका सीधा सीधा वस्तुओं और सेवाओं पर पड़ेगा ही। यही कारण है ईंधन यानी तेल के भावों में बढ़ोतरी के साथ ही वस्तुओं और सेवाओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। इसके साथ ही आयात पर निर्भर वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक तेल का प्रष्न है देश में खाद्य तेल और अखाद्य तेल दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। खाद्य तेलों में भी आयात पर निर्भरता अधिक है। लाख प्रयासों के बावजूद तिलहन मिशन से तिलहनों का उत्पादन तो बढ़ा है पर अभी विदेशी निर्भरता बनी हुई ही है। इसी तरह से अन्य वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक सेवा क्षेत्र का प्रष्न है स्वीगी-जोमेटो आदि सेवा प्रदाताओं ने पिछले दिनों में अपने दामों में 16 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने प्लानों को रिवाइज किया हैं तो उबेर-ओला जैसे सेवा प्रदाताओं ने किराया बढ़ा दिया है। हो तो यहां तक रहा हैं कि बैंकों द्वारा जमाओं पर ब्याज दर में कमी लाना शुरु कर दिया है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोजिस्टिक लागत बढ़ेगी तो उसका असर सभी वस्तुओं में देखने को मिलेगा। भारत सरकार वेनेजुएला से वैकल्पिक तरीके से कच्चे तेल लाने का प्रयास कर रही है तो अन्य विकल्प भी खोजे जा रहे हैं। पर यह साफ हो जाना चाहिए कि कच्चे तेल की आपूर्ति जब तक सामान्य नहीं हो जाती तब तक पूरी तरह से संकट समाप्त होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इन वैश्विक हालातों के पीछे अमेरिका-ईरान की हठधर्मिता ही है। अमेरिका-इजरायल ने ईरान से लड़ाई शुरु करते समय रुस यूक्रेन युद्ध के हालातों से सबक नहीं लिया। रुस के सामने यूक्रेन पिद्दी सा देश होने के बावजूद आज तीन साल से भी अधिक समय होने के बावजूद निर्णायक स्तर पर नहीं पहुंचा है। पर अमेरिका ने यह सोचा था कि दो-तीन दिन में ही ईरान को घुटने टिकवा देंगे और यही अमेरिका की नासमझी रही।

मानो या ना मानो पर वास्तविकता यह है कि आज अमेरिका के सामने अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने का संकट आ गया है और यही कारण है कि अंदरखाने अमेरिका और ट्रंप किसी भी तरह से सीज फायर के लिए प्रयासरत है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि युद्ध में नुकसान अमेरिका को ही अधिक हो रहा है। ईरान तो अपने घर से लड़ रहा है और उसके निशाने पर आसपास के देश है। ऐसे में स्टेक तो अमेरिका-इजरायल का ही हो जाता है। इसके अलावा एक बात और समझनी होगी कि ट्रंप 2 में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आये दिन तुगलकी फरमान जारी कर दुश्मन ही दुश्मन बनाएं है। गली के गुंडे जैसी पहचान बन गई है ट्रंप की तो दूसरी और अमेरिका के ही अधिकांश लोगों का भरोसा ट्रंप ने खो दिया है। ऐसे में सम्मानजनक सीजफायर ही अमेरिका के लिए अब इस संकट से निकलने का रास्ता रह गया है और इसके लिए ही अंदरखाने प्रयास जारी है।

## विदेश

### अमेरिका के दावों के बीच संभावित ईरान समझौते की नयी जानकारी सामने आयी

**काहिरा :** अमेरिका, ईरान के साथ एक समझौते पर पहुंचने के करीब है जिससे युद्ध समाप्त हो जाएगा, होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल जाएगा और ईरान अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को छोड़ देगा। हालांकि, समझौते के विवरण और समयसीमा पर बाद में चर्चा की जाएगी। क्षेत्रीय अधिकारियों ने रविवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। ईरान ने सार्वजनिक रूप से अपने यूरेनियम को छोड़ने की प्रतिबद्धता नहीं जताई है – जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक प्रमुख मांग है – और हाल के हफ्तों में दोनों पक्ष एक समझौते के करीब पहुंचते दिखे हैं, लेकिन अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हो पाया है। भारतीय, ऑस्ट्रेलियाई और जापानी अधिकारियों के साथ बैठकों के लिए भारत का चार दिवसीय दौरा कर रहे रुबियो ने कहा कि वार्ता में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, हालांकि यह अंतिम प्रगति नहीं है, और दुनिया को अब ईरान द्वारा परमाणु हथियार हासिल करने से डरने की जरूरत नहीं होगी, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। भारत में ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया पर रूबियो को जवाब देते हुए कहा कि परमाणु प्रौद्योगिकी पर तेहरान का अविभाज्य अधिकार है। ईरान हमेशा से यह दावा करता रहा है कि उसका कार्यक्रम शांतिपूर्ण है, जबकि वह लगभग हथियार-स्तर के यूरेनियम का संवर्धन कर रहा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने ईरान के सरकारी टीवी से कहा कि वह दुनिया को यह भरोसा दिलाने के लिए तैयार हैं कि हम परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा की गयी अचानक बमबारी के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का समाधान शुरू हो जाएगा। हमले के कारण तेहरान ने महत्वपूर्ण जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था। तेल, गैस और कई अन्य उत्पादों की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि माल ढुलाई और कीमतों को युद्ध-पूर्व स्तर पर वापस आने में कई सप्ताह या महीने भी लग सकते हैं।

### पाकिस्तान: बलूचिस्तान में 'शटल' ट्रेन विस्फोट में 20 लोगों की मौत, प्रतिबंधित बीएलए ने ली जिम्मेदारी

**कराची :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक 'शटल' ट्रेन में एक शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम 20 लोगों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। सरकारी समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' की खबर के अनुसार, 'शटल' ट्रेन क्वेटा छावनी से शहर के रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी कि तभी चमन फाटक के पास इसे निशाना बनाया गया। बीएलए के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह हमला तब किया गया जब ट्रेन छावनी क्षेत्र से सैन्य कर्मियों को ले जा रही थी। सरकार ने हालांकि अब तक आधिकारिक तौर पर 14 लोगों की मौत की पुष्टि की, जिनमें फ्रंटियर कोर के तीन जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 लोगों के मारे जाने की आशंका है जबकि मीडिया में प्रकाशित खबरों में मरने वालों की संख्या इससे अधिक बताई गई है। पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि 'शटल' ट्रेन में असैन्य यात्री भी थे और विस्फोट से इंजन व तीन डिब्बे प्रभावित हुए। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के वाहनों के शीशे और आस-पास की इमारतों के शीशे चकनाचूर हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन में सवार अधिकांश यात्री आगामी ईद के त्यौहार के लिए अपने घर जाने वाली संपर्क ट्रेनों को पकड़ने की प्रतीक्षा कर रहे थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा, आतंकवाद के ऐसे कायरतापूर्ण कृत्य पाकिस्तान की जनता के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के हर रूप को खत्म करने के अपने संकल्प पर अडिग हैं। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार, रेलवे अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर विस्फोट के बाद पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता बाबर यूसुफजई ने कहा कि विस्फोट के बाद सभी संबंधित संस्थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 मई, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी, 29:11 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 28:05 तक, योग : वज्र, 27:11 तक, सूर्योदय: 04:53, सूर्यास्त: 18:13, चन्द्रोदय : 13:48, चन्द्रास्त: 01:29, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 07:14 से 08:53

## राशिफल

**मेष :** आज किस्मत आपके व्यापार और धन के दरवाजे खोलती नजर आ रही है। आमदनी बढ़ने से मन खुश रहेगा और लंबे समय से अटका पैसा भी अचानक वापस मिल सकता है।

**वृष :** आज का दिन नए अवसरों और आर्थिक तरक्की का संकेत दे रहा है। आय बढ़ने के योग हैं और कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन :** आज आपका मन आराम, स्वादिष्ट भोजन और सुकून भरे पलों में डूबा रहेगा। सरकारी कामों में थोड़ी रुकावट आ सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।

**कर्क :** आज सितारे आपको एक ही संदेश दे रहे हैं। अपनी सेहत को नजरअंदाज मत कीजिए। कामकाज में कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आपका धैर्य आपको संभाल लेगा।

**सिंह :** आज का दिन नई शुरुआत और जीत का एहसास कराने वाला है। धन और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है, जिससे राहत मिलेगी।

**कन्या :** आज व्यापार में थोड़ी उठा-पटक देखने को मिल सकती है। किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन गुस्से की बजाय समझदारी से काम लें।

**तुला :** आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। किसी काम में उम्मीद के मुताबिक परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। जल्दबाजी में किया गया निवेश नुकसान दे सकता है।

**वृश्चिक :** आज खुशियों की हल्की-हल्की बारिश आपके मन को तरोताजा कर देगी। कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। गलतियों से मिली सीख आपके बहुत काम आएगी।

**धनु :** आज मन किसी अनजानी चिंता में उलझा रह सकता है। संतान पक्ष से जुड़ी कोई बात आपको परेशान कर सकती है। जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसान करा सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन सुख-सुविधाओं और नए अवसरों से भरा रहेगा। नौकरी बदलने का सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। काम के सिलसिले में यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कुम्भ :** आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है और आत्मविश्वास भी कमजोर महसूस होगा। किसी काम को लेकर यदि दिल पूरी तरह तैयार नहीं है, तो जल्दबाजी में कदम न उठाएं।

**मीन :** आज का दिन भागदौड़ और जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना रिश्तों में दूरी बढ़ा सकता है, इसलिए खुद को शांत रखें। व्यवसाय को लेकर मन में चिंता बनी रहेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3449



*ऊपर से नीचे:-* 1) गदीला, 2) मीनघाती मादा पक्षी, 3) तपस्या, 4) खोया हुआ, 5) बेजोड़, 6) मुख्य, 8) एक फल, 11) माला; मोती, 14) लाभकारी, 15) जलाशय, 17) पराजित होना, 18) चोखना, 19) बेवज़ह, 23) दाब में आना, 25) रुई का पौधा, 27) विस्मित, 29) उचित; रस्सी; क्रीड़ा

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) संकट, 4) दुलारा, 7) गपबाज़ी, 9) स्थान, 10) जोड़ी *(उदाहरण के तौर पर पोशाख की:* घाघरा और चोली), 12) खाली, 13) दिल, 14) कंदरा, 15) मजाल, 16) क्यों; सबब, 17) निकट वर्तमान; समाचार, 18) बुकनी, 20) धर्मद्रोही, 21) जो पोला न हो, 22) समुद्र, 24) सूँघने का इंद्रिय, 26) नृत्य, 28) एक दाढ़ीधारी पालतू पशु, 30) धारा में आगे बढ़ना, 31) स्वस्थ; दोषरहित; सुरक्षित.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ग़ | ल | ब | ग़ | ल | | रु | प | या |
| ना | | घु | | | ड़ | | चि | ट | |
| व | र्जि | त | | च | क | मा | | ना | ते |
| श्र | | म | न | | प | रे | वा | | व |
| क | टि | | क | ठि | न | | जि | ग | र |
| | टि | क | ली | | | अं | ब | र | |
| | ह | ल | | सं | के | त | | बी | |
| श | री | र | त्या | ग | | | ख़ा | ला | स |
| स्व | | व | | म | क्खी | चू | स | | ब |

*Mob. No. 08329510310*

## सुडोकू-पहेली-3407

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 8 | | 6 | | |
| | | | 5 | | | 1 | | 3 |
| | | | 4 | 6 | | 7 | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | | 5 |
| 4 | | | | | 6 | | | |
| 8 | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| | | | | | | | 8 | |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | 3 | | | 9 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3406 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 9 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 |
| 4 | 5 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 4 |

# बंगाल में लोकतंत्र का मजाक बनाया गया, ईवीएम में गड़बड़ी कर वोट लूटे गए : ममता

❑ **चुनाव बाद हिंसा, बुलडोजर राजनीति पर भाजपा सरकार को घेरा**

❑ **साल्टलेक स्टेडियम से अपनी डिजाइन की मूर्ति हटाने पर दुख**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव परिणामों के तीन सप्ताह बाद रविवार को एक बार फिर आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस चुनाव नहीं हारी है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग ने भाजपा को राज्य में जीत दिलाने में मदद की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में उन्हें बलपूर्वक हराया गया। ममता ने दावा किया कि लगभग 150 सीटों पर परिणामों में हेरफेर किया गया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो उनकी पार्टी



220 से 230 सीटें जीत सकती थी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वास्तव में विपक्ष चुनाव जीता है तो लोग संतुष्ट क्यों नहीं हैं? कुछ लोग माथे पर पट्टी बांधकर बाइक में निकल रहे हैं और लोगों के घर और पार्टी दफ्तरों को लूट रहे हैं। मां-बहनों के आत्मसम्मान को लूट रहे हैं। लोग खुलकर बोल भी नहीं पा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आप भवानीपुर में कैसे जीते? मैं आपको अदालत में बताऊंगी। अगर आपमें हिम्मत है, तो फोरेंसिक रिपोर्ट ले आइए। हमें ईवीएम रिपोर्ट चाहिए।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ आतंक फैलाया है और पुलिस तृणमूल नेताओं और पार्षदों को गिरफ्तार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 2,000 तृणमूल कांग्रेस कार्यालयों में लूटपाट हुई है। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर (शुभेंदु अधिकारी) कहते हैं कि मैं 2,500 लोगों को जेल भेजूंगा, तो तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए अलग से जेल बनाई गई है। मुझे लगता है कि उन्हें पहले जेल जाना चाहिए। सारदा से लेकर नारदा तक, हर घोटाले में उनका नाम है। आज जो लोग आदेश दे रहे हैं, वे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भी इतने वर्षों तक प्रशासन चलाया है। जो लोग पुलिस की वर्दी पहनकर काम करते हैं, उनके प्रति हमारी श्रद्धा है। इन लोगों ने मेरे साथ भी काम किया है, लेकिन हमने कभी इन लोगों को ये सब करने नहीं बोला। हम ऐसी चीजों पर भरोसा नहीं करते। उन्होंने आगे कहा कि मतगणना 4 मई को हुई थी। आज 24 तारीख है। मैंने ये 20 दिन चुप-चाप सहन किए हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि बंगाल की जनता और तृणमूल कार्यकर्ता भी सहन कर रहे हैं। कई लोग राज्य आतंकवाद का शिकार हुए हैं। लगभग 12 लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों को आत्महत्या करने पर मजबूर किया जा रहा है। सभी को इस्तीफा लिखने के लिए मजबूर किया जा रहा है। निर्वाचित निकायों को काम नहीं करने दिया जा रहा है। कोलकाता नगर निगम जैसे प्रमुख नागरिक निकायों के विकास कार्यों में बाधाएं हैं, जिनमें जल आपूर्ति, सड़कें और अन्य सेवाएं शामिल हैं। हम 2011 में सत्ता में आए और हर जगह रवींद्र संगीत बजाया। आज हमें बैठकें करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। एक अन्य मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए ममता बनर्जी ने हैरानी जताते हुए कहा कि मुझे बहुत बुरा लग रहा है, मैंने इसे एक कलाकार से बनवाया था। मैंने ही इसका लोगो डिजाइन किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इसे इसलिए ध्वस्त किया गया क्योंकि आप अपनी प्रतिमा स्थापित करना चाहती थीं? यह सवाल उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर पूछा।

## कोलकाता में नाबालिग को मादक पदार्थ खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, जांच जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक लड़की ने आरोप लगाया है कि करीब एक महीने पहले कोलकाता के दक्षिणी इलाके में कार में लिफ्ट लेने के बाद दो लोगों ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सरसुना पुलिस थाने में नाबालिग की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने यौन उत्पीड़न का वीडियो बनाया और बाद में उस फुटेज का इस्तेमाल पीड़िता को डराने-धमकाने के लिए किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना कथित तौर पर अप्रैल में तब घटी जब लड़की ने बेहाला के पास एक वाहन में लिफ्ट ली। उन्होंने बताया कि कार में लड़की का एक परिचित भी मौजूद था। अधिकारी ने कहा कि यात्रा के दौरान, लड़की को कथित तौर पर कोई खाद्य पदार्थ खिलाया गया जिसके बाद वह बेहोश हो गई। बाद में उसने बताया कि उसे दूसरी जगह होश आया और उसे एहसास हुआ कि उसका यौन उत्पीड़न हुआ है। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांचकर्ता दोनों आरोपियों की पहचान करने, घटना में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए वाहन का पता लगाने और अपराध के सटीक स्थान की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार ने कुछ देरी के बाद पुलिस से संपर्क किया क्योंकि लड़की कथित तौर पर सदमे में थी। बयान दर्ज कर लिए गए हैं और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस शिकायत में उल्लिखित एक अन्य लड़की की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### अवैध निर्माण के नोटिस पर बदला सुर,

# अभिषेक बनर्जी ने केएमसी को पत्र लिखकर मांगा समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** अभिषेक बनर्जी को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की ओर से अवैध निर्माण और संपत्ति मूल्यांकन को लेकर जारी नोटिस के बाद नया कानूनी मोड़ सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कालीघाट स्थित 'शांतिनिकेतन' आवास समेत उनकी कई संपत्तियां जांच के दायरे में हैं और कुल 17 संपत्तियों पर नगर निगम की नजर बताई जा रही है। समयसीमा सोमवार को समाप्त हो रही है, लेकिन इससे पहले रविवार को उनके वकील ने निगम को पत्र भेजकर 10 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। सूत्रों के अनुसार, अभिषेक बनर्जी की ओर से



भेजे गए पत्र में प्रक्रिया पूरी करने और दस्तावेज तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय देने की अपील की गई है। सामान्य तौर पर, ऐसे मामलों में नगर निगम कुछ राहत दे देता है, ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि उन्हें अतिरिक्त समय मिल सकता है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक प्रक्रिया को और अधिक चर्चा में ला दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार को कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों ने कालीघाट रोड और हरिश मुखर्जी रोड स्थित अभिषेक बनर्जी के दो आवासों पर नोटिस चस्पा किया था। निगम ने साफ तौर पर पूछा था कि क्या इन मकानों में किए गए अतिरिक्त निर्माण के लिए निगम से अनुमति ली गई थी? इसके साथ ही कालीघाट स्थित 'शांतिनिकेतन' आवास के अवैध हिस्से को ढहाने का भी निर्देश दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी की करीब 17 संपत्तियां इस वक्त प्रशासन की रडार पर हैं। इस नोटिस के बाद अभिषेक बनर्जी का रुख काफी आक्रामक देखा गया था।

# बंगाल सरकार ने अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के लिए निरुद्ध केंद्र बनाने का निर्देश दिया

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य की नवगठित भाजपा सरकार ने अपनी 'पता लगाओ, हटाओ और निर्वासित करो' नीति को संस्थागत रूप देने के लिए सभी जिला प्रशासनों को संदिग्ध अवैध विदेशियों और प्रत्यावर्तन की प्रतीक्षा कर रहे विदेशी कैदियों के लिए 'निरुद्ध केंद्र' स्थापित करने का निर्देश दिया है। राज्य के गृह और पहाड़ी मामलों के विभाग की विदेशी शाखा द्वारा 23 मई को जारी आदेश में जिलाधिकारियों को 'गिरफ्तार किए गए विदेशियों' और 'रिहा किए गए विदेशी कैदियों' को तब तक निरुद्ध रखने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए कहा गया, जब तक कि निर्वासन की औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जातीं। हालांकि, इसे केंद्रीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक प्रक्रियात्मक पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस पत्र में पिछले साल मई में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक सलाह का जिक्र किया गया है, जिसमें भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं से निपटने की प्रक्रियाओं को निर्धारित किया गया था। इसमें कहा गया कि इस संबंध में, यह अनुरोध किया जाता है कि जिले में गिरफ्तार किये गए विदेशियों के साथ-साथ निर्वासन/स्वदेश वापसी की प्रतीक्षा कर रहे रिहा विदेशी कैदियों के लिए निरुद्ध केंद्र स्थापित करने के लिए पहल/उचित कार्रवाई की जाए। इस आदेश की प्रतियां पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक, सभी पुलिस आयुक्तालयों, पुलिस अधीक्षकों और कोलकाता स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को भी भेजी गईं।

अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित निरुद्ध केंद्र उन लोगों के लिए अस्थायी पारगमन सुविधाओं के रूप में कार्य करेंगे, जिन्हें अवैध रूप से रहने के संदेह में हिरासत में लिया जाएगा और उन विदेशी नागरिकों के लिए जिनकी निर्वासन की प्रक्रिया चल रही है। इस मसौदे में बायोमेट्रिक डेटा का संग्रह, एक केंद्रीय पोर्टल पर जानकारी अपलोड करना और अंततः पहच-ाने गए अवैध अप्रवासियों को प्रत्यावर्तन के लिए सीमा अधिकारियों को सौंपने की भी परिकल्पना की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिला प्रशासन मौजूदा प्रक्रियाओं के साथ 'तैयार और अनुपालन' के स्तर को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिलों को आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए कहा गया है, ताकि कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने तक ऐसे मामलों को विनियमित तरीके से निपटाया जा सके।

## निगरानी की जिम्मेदारी जिन पर थी उन पर भी कार्रवाई होगी : अग्निमित्रा पॉल



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कस्बा का दौरा किया और अभियान की निगरानी कर रहे नगर निगम के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों से बातचीत की। पॉल ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान भ्रष्टाचार बेरोक-टोक फलता-फूलता रहा। नगर निगम के अधिकारियों की जानकारी और प्रभावशाली नेताओं के संरक्षण में पैसों के बदले अवैध निर्माण किए गए। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई करना भी चाहती, तब भी वह ज्यादा कुछ नहीं कर सकती थी। अवैध निर्माण में शामिल सभी लोगों के साथ-साथ ऐसी अनियमितताओं को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पॉल ने नगर निगम के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया के दौरान आस-पास की आवासीय इमारतों को कोई नुकसान न पहुंचे।

## कोलकाता पुलिस ने प्रतिनियुक्ति पर तैनात कर्मचारियों की वापसी की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने प्रदेश के गृह विभाग से विभिन्न जिला इकाइयों में प्रतिनियुक्ति पर तैनात अपने कर्मियों को वापस बुलाने का प्रस्ताव रखा है ताकि बल में कर्मियों की भारी कमी को दूर किया जा सके। यह जानकारी रविवार को एक अधिकारी ने दी। प्रस्ताव के अनुसार, कोलकाता पुलिस में उपनिरीक्षक, कांस्टेबल और चालक के पदों पर बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जिससे बल, विशेष रूप से उसके गुप्तचर विभाग पर, शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

अधिकारी ने कहा कि चूंकि, पुलिस कर्मियों की नई भर्ती समय लेने वाली प्रक्रिया है, इसलिए प्रतिनियुक्ति पर तैनात कर्मियों को वापस बुलाने का प्रस्ताव भेजा गया है ताकि प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से जारी रहे। उन्होंने बताया कि भांगर विधानसभा क्षेत्र को कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में लाए जाने के बाद इस कदम की आवश्यकता और बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि भांगड़ को कोलकाता पुलिस के अधीन लाए जाने के बाद पुलिस बल ने क्षेत्र में थानों की संख्या तीन से बढ़ाकर नौ करने का प्रस्ताव रखा है, जिसके लिए अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती आवश्यक हो जाएगी। कोलकाता पुलिस द्वारा भेजे गए पत्र में कर्मचारियों की कमी का उल्लेख किया गया है और इसमें जिला तैनाती से वापस बुलाए जाने वाले 22 पुलिस अधिकारियों की सूची भी शामिल है।

## तोलाबाजी के आरोप में न्यूटाउन से तृणमूल की पंचायत प्रधान रीता गायेन गिरफ्तार

**कोलकाता :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई के मूड में नजर आ रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पहले ही साफ कर चुके हैं कि चुनाव बाद हिंसा, भ्रष्टाचार और अवैध वसूली में शामिल किसी भी तृणमूल नेता या जनप्रतिनिधि को बख्शा नहीं जाएगा। इसी क्रम में अब न्यूटाउन इलाके से तृणमूल कांग्रेस की एक प्रभावशाली पंचायत प्रधान को गिरफ्तार किया गया है।

न्यूटाउन थाने की पुलिस ने जांगड़ा-हातियाड़ा 2 नंबर पंचायत की प्रधान रीता गायेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रीता गायेन के खिलाफ तोलाबाजी यानी अवैध वसूली सहित कई गंभीर शिकायतें दर्ज थीं। इन्हीं आरोपों के



आधार पर पुलिस ने अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार किया।

जानकारी के मुताबिक, हातियाड़ा इलाके में रीता गायेन तृणमूल कांग्रेस की काफी प्रभावशाली नेता मानी जाती थीं। राज्य में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान उनके खिलाफ स्थानीय स्तर पर अवैध वसूली, दबाव बनाकर पैसे लेने और सत्ता का दुरुपयोग करने के कई आरोप लगे थे। हालांकि उस समय उनके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई थी।

राज्य में राजनीतिक बदलाव के बाद पुलिस ने पुराने मामलों और शिकायतों की समीक्षा शुरू की, जिसके बाद रीता गायेन भी जांच एजेंसियों के रडार पर आ गईं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके खिलाफ दर्ज अन्य शिकायतों और मामलों की भी विस्तार से जांच की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद रीता गायेन को अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं राजनीतिक गलियारों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विपक्षी दल इसे कानून के तहत सामान्य कार्रवाई बता रहे हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## अधीर ने मुर्शिदाबाद के हर ब्लॉक में अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का किया आग्रह

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुर्शिदाबाद जिले के हर ब्लॉक में अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का आग्रह किया, ताकि उन लोगों की मदद की जा सके, जिनके नाम हाल में संपन्न विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटा दिए गए थे। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में चौधरी ने दावा किया कि राज्य में मतदाता सूची से सबसे अधिक नाम मुर्शिदाबाद में हटाए गए हैं, जिससे 'पांच लाख से अधिक' मतदाता प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग, दिहाड़ी मजदूर, बुजुर्ग नागरिक और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों



को अपने नाम बहाल कराने के लिए अपीलीय न्यायाधिकरणों तक पहुंचने के वास्ते लंबी दूरी तय करने में गंभीर कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से जिले के हर ब्लॉक में अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने पर विचार करने का आग्रह किया, ताकि न्याय तक आसान पहुंच और प्रशासनिक सहायता सुनिश्चित की जा सके।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई टेण्डर

**निविदा सूचना संख्याः एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_बीएसबी_02_2026**

उपमुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्रोजेक्ट/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्न लिखित कार्यो के लिए टेन्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित करते हैः-

**निविदा सूचना सं0 एवं कार्य का विवरणः** एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_बीएसबी_02_2026, कार्य का नामः- पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का उपयोग करके ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्य का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग जिसमें सतत ट्रैक सर्किटिंग और आसपास के स्टेशनों पर संबंधित सहायक कार्य शामिल हैं, साथ ही Aunrihar Jn (ARJ) Varanasi City (BCY) और Banaras (BNRS) Prayagraj Rambag (PRRB) सेक्शनों में 4x48 OFC कार्य और Sarnath (SRNT) Kadipur (KDQ) और Rajwari (RJI) स्टेशनों पर EI (इनडोर) कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1287170067.90, बयाना राशिः ₹ 25743400.00 स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः दिनांकः 02.07.2026, 15.00 hrs. नोट :- 1. बयाना राशि एवं ऑफर की वैधता निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन होना चाहिए। 2. वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें देखी जा सकती है। 3. बोली सुरक्षा राशि या तो ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित अनुसार होगी। बैंक गारंटी बांड Annexure-1.1 (निविदा दस्तावेज) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के समाप्त होने के 90 दिनों से परे की अवधि के लिए मान्य होगा।

उपमुसिदूइं/प्रोजेक्ट
मुजाधि/सिगनल-42 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## तृणमूल की जिला अध्यक्ष पद से काकली घोष दस्तीदार का इस्तीफा, नाम लिए बिना आईपैक पर साधा निशाना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी के भीतर आत्ममंथन और असंतोष का दौर जारी है। इसी बीच बारासात से तृणमूल सांसद काकली घोष दस्तीदार ने उत्तर 24 परगना के बारासात जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के साथ ही उन्होंने बिना नाम लिए पार्टी की चुनावी रणनीतिकार संस्था आईपैक पर भी निशाना साधा है।

सूत्रों के अनुसार, काकली घोष दस्तीदार ने अपना इस्तीफा तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बक्सी को भेजा है। पत्र में उन्होंने बारासात समेत उत्तर 24 परगना की अधिकांश सीटों पर पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ने की बात कही है।

इस्तीफे की शुरुआत में ही उन्होंने



हाल के दिनों में पार्टी को लेकर सामने आए भ्रष्टाचार के आरोपों का उल्लेख किया। इसके बाद उन्होंने लिखा कि बारासात में पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए वह जिला अध्यक्ष पद से मुक्त होना चाहती हैं।

काकली घोष दस्तीदार ने पत्र में पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से अपील करते हुए कहा कि यदि पार्टी पहले की तरह ईमानदार, पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को लेकर आगे बढ़ेगी, तो पार्टी की छवि फिर मजबूत हो सकती है। उन्होंने बिना नाम लिए चुनावी सलाहकार संस्था पर कटाक्ष करते हुए लिखा कि भूइंफोड़ संस्थाओं के जरिए कठिन राजनीतिक लड़ाइयाँ नहीं जीती जा सकतीं।

राजनीतिक हलकों में काकली घोष दस्तीदार की इस टिप्पणी को सीधे तौर पर आईपैक पर हमला माना जा रहा है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को उत्तर 24 परगना के कई महत्व-पूर्ण क्षेत्रों जैसे बारासात और बैरकपुर में हार का सामना करना पड़ा था।

काकली घोष दस्तीदार का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब चुनावी हार के बाद पार्टी के भीतर नेतृत्व, संगठन और रणनीति को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस की ओर से अभी तक इस इस्तीफे और टिप्पणी पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा पर परिवहन विभाग की सख्त गाइडलाइन

### महिला यात्रियों के साथ किसी भी तरह की अनिच्छा या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं, कंडक्टरों को जारी हुए विशेष निर्देश

**कोलकाता :** राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार आगामी 1 जून से पश्चिम बंगाल की सभी महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलने जा रही है। इस नई योजना को लेकर अब परिवहन विभाग ने बस चालकों और कंडक्टरों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग की ओर से साफ कर दिया गया है कि महिला यात्रियों को बस में चढ़ाने या उन्हें सेवा देने में किसी प्रकार की अनिच्छा दिखाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत महिलाओं को एसी और नॉन-एसी दोनों प्रकार की सरकारी बसों में बिना किराए यात्रा करने का अवसर मिलेगा। परिवहन विभाग के अनुसार, योजना के लाभार्थियों के लिए फोटो और नाम सहित डिजिटल स्मार्ट कार्ड जारी किए जाएंगे। हालांकि स्मार्ट कार्ड बनने तक महिलाओं को किसी भी सरकारी पहचान पत्र के आधार पर मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। कंडक्टरों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसी महिला यात्रियों को ईटीएम मशीन से 'जीरो वैल्यू टिकट' जारी करें।

परिवहन विभाग की ओर से जारी निर्देशिका में विशेष रूप से कहा गया है कि सभी निर्धारित बस स्टॉप पर महिला यात्रियों को चढ़ने और उतरने के लिए पर्याप्त समय देना होगा। विभाग का मानना है कि मुफ्त यात्रा योजना लागू होने के बाद कुछ मामलों में महिला यात्रियों को बस में लेने से बचने या उन्हें नजरअंदाज करने जैसी शिकायतें सामने आ सकती हैं। इसी आशंका को ध्यान में रखते हुए पहले से ही कंडक्टरों और चालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि किसी भी महिला यात्री को देखकर बस नहीं रोकी गई या जानबूझकर आगे बढ़ा दी गई, तो इसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा।

निर्देशिका में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी के दौरान कोई चालक या कंडक्टर इस योजना को लेकर किसी प्रकार की राजनीतिक टिप्पणी नहीं करेगा। परिवहन विभाग ने कहा है कि यह राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना है और इसका लाभ सभी महिलाओं को बिना किसी भेदभाव के देना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा, विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि महिला यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। बस कर्मचारियों को यात्रियों से शा-लीनता से बात करने और किसी प्रकार की बहस या अपमानजनक व्यवहार से बचने को कहा गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना को सफल बनाने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रखेगा और विभिन्न डिपो से रिपोर्ट भी ली जाएगी।

राज्य सरकार का मानना है कि इस योजना से बड़ी संख्या में कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और निम्न आय वर्ग की यात्रियों को राहत मिलेगी। खासकर रोजाना बस से लंबी दूरी तय करने वाली महिलाओं के लिए यह योजना आर्थिक रूप से काफी मददगार साबित हो सकती है। अब 1 जून से इस योजना के लागू होने का इंतजार किया जा रहा है।

# 'पाड़ाय समाधान' परियोजना पर रोक, विकास कार्यों की गुणवत्ता और जरूरत की जांच में जुटी नगरपालिकाएं

❑ **नई राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार की कई विकास परियोजनाओं की समीक्षा शुरू की**

**कोलकाता :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अब पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा का काम तेज हो गया है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने तृणमूल सरकार की चर्चित 'पाड़ाय समाधान' परियोजना को फिलहाल राज्य की सभी नगरपालिकाओं में स्थगित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और वास्तविक आवश्यकता की जांच पूरी होने तक इस परियोजना के अंतर्गत नए कार्यों पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है।

बताया जा रहा है कि विभिन्न नगरपालिकाओं के अलग-अलग वार्डों में जिन विकास कार्यों के लिए इंजीनियरों ने फाइल तैयार कर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली थी और ठेकेदारों को काम भी सौंप दिया गया था, उन परियोजनाओं को भी फिलहाल रद्द कर दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, चुनाव की घोषणा अचानक हो जाने के कारण कई जगहों पर निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हो पाया था। अब नई सरकार उन सभी परियोजनाओं की दोबारा समीक्षा कर रही है।

सूत्रों का दावा है कि सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल पाइपलाइन और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कई कार्य चुनाव से ठीक पहले तेजी से स्वीकृत किए गए थे। नई सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं में कई जगहों पर जल्दबाजी में काम स्वीकृत किया गया और उसकी आवश्यकता या गुणवत्ता की पर्याप्त जांच नहीं हुई। इसी वजह से अब संबंधित विभागों को सभी कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

पुर और नगरोन्नयन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिन परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है या अंतिम चरण में है, उनके भुगतान पर भी फिलहाल रोक लगाई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पहले यह जांच की जाए कि काम निर्धारित मानकों के अनुसार हुआ है या नहीं। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी थी या नहीं। जांच रिपोर्ट संतोषजनक होने के बाद ही संबंधित ठेकेदारों को भुगतान जारी किया जाएगा।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, केवल नगरपालिकाओं में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसी तरह की समीक्षा प्रक्रिया शुरू हुई है। ग्रामोन्नयन विभाग के स्तर पर भी कई विकास कार्यों का ऑडिट चल रहा है। इसके चलते पंचायत क्षेत्रों में 'पड़ाय समाधान' योजना के तहत चल रहे कई कार्यों और भुगतान को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।

हालांकि अब तक इस स्थगन को लेकर सरकार की ओर से कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। लेकिन विभिन्न नगरपालिकाओं के अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उन्हें मौखिक रूप से निर्देश दिए गए हैं कि फिलहाल इस परियोजना के अंतर्गत नए कार्य शुरू न किए जाएं और पुराने कार्यों की समीक्षा की जाए।

नई सरकार के इस कदम को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा शुरू हो गई है। एक तरफ भाजपा सरकार इसे विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में जरूरी कदम बता रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस के कई नेता इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दे रहे हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि जनता के पैसे से होने वाले हर विकास कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# बांकुड़ा में तृणमूल के दो प्रभावशाली नेताओं की गिरफ्तारी, नौकरी दिलाने और रंगदारी के आरोप



**बांकुड़ा :** राज्य में कथित भ्रष्टाचार और रंगदारी के मामलों में कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में, शनिवार की रात बांकुड़ा जिले के बेलियातोड़ और बांकुड़ा शहर से तृणमूल कांग्रेस के दो प्रभावशाली नेताओं को पुलिस ने अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया। बेलियातोड़ से गिरफ्तार किए गए पल्लव पांडे गंगाजलघाटी पंचायत समिति के कृषि कर्माध्यक्ष हैं। वहीं, बांकुड़ा शहर से गिरफ्तार पीयूष चक्रवर्ती उर्फ 'कैसेट बापी' बांकुड़ा नगरपालिका के वार्ड 15 की तृणमूल पार्षद पिंकी चक्रवर्ती के पति बताए जाते हैं। पुलिस और अदालत सूत्रों के अनुसार, हाल ही में एक नौकरी अभ्यर्थी ने बेलियातोड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर पल्लव पांडे ने उससे 4.60 लाख रुपये लिए थे। आरोप है कि नौकरी नहीं मिली और पैसे भी वापस नहीं किए गए। आर्थिक धोखाधड़ी के आरोप में शनिवार की रात पुलिस ने पल्लव पांडे को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उन्हें बांकुड़ा जिला अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने तीन दिनों की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। हालांकि, अदालत ले जाते समय पल्लव पांडे ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए खुद को निर्दोष बताया।

दूसरी ओर, रंगदारी मांगने के आरोप में शनिवार की रात बांकुड़ा शहर के प्रभावशाली तृणमूल नेता पीयूष चक्रवर्ती को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, शहर के एक रंग व्यवसायी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में दुकान निर्माण के दौरान पीयूष ने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बाद में दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और रकम देने के बाद ही निर्माण कार्य पूरा करने की अनुमति मिली। रविवार को अदालत ने पीयूष चक्रवर्ती को भी तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उनके वकील अनिर्बाण बनर्जी ने कहा कि कथित घटना 2023 की है और इतने समय बाद शिकायत दर्ज होने के पीछे राजनीतिक कारण हो सकते हैं।

# सड़क मरम्मत की मांग को लेकर आमडांगा में टायर जलाकर प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** खराब सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर उत्तर 24 परगना जिले के आमडांगा इलाके में रविवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना आमडांगा के तृणमूल कांग्रेस संचालित बेड़ाबेड़िया पंचायत के गवर्नमेंट कॉलोनी इलाके की है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि अधूरी पड़ी सड़क निर्माण और मरम्मत का काम तुरंत पूरा किया जाए। सड़क जाम के कारण इलाके में यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह प्रभावित रहा और लंबा जाम लग गया। सूचना पाकर आमडांगा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करीब नौ महीने पहले सड़क निर्माण का काम शुरू हुआ था, लेकिन बीच में ही काम बंद कर दिया गया। सड़क के कई हिस्सों में पिच उखड़ चुकी है और पत्थर बाहर निकल आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत अब बेहद खराब हो चुकी है, जिससे रोजाना आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर फैले पत्थरों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उनका आरोप है कि कई बार पंचायत प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क को यातायात योग्य नहीं बनाया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और बड़ा किया जाएगा।

## हल्दिया-मेचेदा 116 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसा, युवक की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के हल्दिया-मेचेदा 116 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना हल्दिया के सिटी सेंटर के पास मोराम इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने पीछे से एक तेल टैंकर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण टैंकर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। युवक के टैंकर के पहिये के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। खबर पाकर भवानीपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

## ताराचंद दत्त स्ट्रीट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक तापस रॉय का किया अभिनंदन



**कोलकाता, समाज्ञा :** 2026 विधानसभा चुनाव में मानिकतला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विजयी उम्मीदवार एवं नवनिर्वाचित विधायक तापस रॉय का ताराचंद दत्त स्ट्रीट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। संगठन के सदस्य विधायक तापस रॉय के निवास स्थान पहुंचे, जहां उन्हें सम्मान स्वरूप शाल ओढ़ाकर अभिनंदित किया गया। साथ ही संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने विधायक तापस रॉय को चुनाव में मिली जीत की बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान रमेश लाखोटिया, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा, जगत सेखानी, सज्जन शर्मा, रामेश्वर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से नवनिर्वाचित विधायकों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से मालापाड़ा स्थित डागा धर्मशाला प्रांगण में नवनिर्वाचित विधायकों एवं विशिष्ट अतिथियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बाली विधानसभा के विधायक संजय सिंह, जोड़ासांको विधानसभा के विधायक विजय ओझा, श्यामपुकुर विधानसभा की विधायक पूर्णिमा चक्रवर्ती, वार्ड नंबर 45 के पार्षद एवं समाजसेवी संतोष पाठक, वार्ड नंबर 22 की पार्षदा मीना पुरोहित, पूर्व पार्षदा सुनीता झंवर, समाजसेवी चंद्रशेखर बासोतिया, नारायण दास सोनी, किशन झंवर, डॉ. अशोक सिंह, उद्योगपति मुरारी लाल खेतान, निर्मल अग्रवाल, रमेश चंद्र भूतड़ा, गोविंद शर्मा तथा समाजसेवी अशोक अग्रवाल, समिति अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, मुरारी लाल सराफ, सचिव नन्दकिशोर भूतडा.सह सचिव दयानंद गुप्ता, कमल चंद बैद, जनसंपर्क अधिकारी मनोज जैन, विवेक अग्रवाल सदस्य सुशील कुमार मिमाणी, प्रदीप चिरानियां, भंवरलाल बिहानी, सुरेन्द्र शर्मा, कैलाश खेडिया, गोरधनसिंह, नरेश मित्तल राजपुरोहित, सुनील गुप्ता, सुनीत तोदी, मनोज तिवारी विकास जोशी मुकेश गोयल, राकेश कुमार शर्मा,अनील गोयल, मुकेश प्रजापति, अमित गोयल सतेन्द्र सिंह कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

## दुर्गापुर के सेन मार्केट में बदमाशों का तांडव, व्यापारियों से मारपीट का आरोप

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के सेन मार्केट इलाके में रविवार की सुबह कुछ बदमाशों ने कथित रूप से बाजार में घुसकर तांडव मचाया। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि चेहरे पर काला कपड़ा बांधे एक समूह ने दुकानदारों पर हमला किया, सब्जियां सड़क पर फेंक दीं और कई दुकानों में तोड़फोड़ की। इस घटना में सेन मार्केट व्यवसायी समिति के महासचिव सागर साहा भी घायल बताए जा रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि चुनाव परिणाम आने के बाद से ही बाजार समिति पर कब्जे को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। व्यवसायी समिति का कहना है कि एक गैर-राजनीतिक संगठन के कार्यालय पर कब्जे की कोशिश की जा रही थी, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इस दिन, सुबह में स्थिति तब और बिगड़ गई जब कथित दुष्कृतियों ने बाजार में घुसकर हमला शुरू कर दिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही राज्य पुलिस की कॉकओवन थाने की टीम भारी संख्या में मौके पर पहुंची। हालात को काबू में करने के लिए केंद्रीय बलों के जवानों को भी तैनात किया गया। वहीं, कुछ व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लाठीचार्ज का भी आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। फिलहाल, इलाके में पुलिस तथा सीएपीएफ बल तैनात है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# मेडिकल-इंजीनियरिंग परीक्षा देकर लौटे छात्र, हावड़ा में महादेव आरती में मांगी सफलता की दुआ



**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में आयोजित मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने आए परीक्षार्थी रविवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए। परीक्षा के बाद बड़ी संख्या में छात्र गंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने संध्या आरती में भाग लिया और अपनी सफलता के लिए भगवान महादेव से प्रार्थना की। इस अवसर पर बिहटा से भूमंत्र फाउंडेशन के प्रतिनिधि विकास ब्रह्मऋषि भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अगले वर्ष इस अभियान को और बड़े स्तर पर आयोजित करने को लेकर संस्था के कर्णधार राजेंद्र प्रसाद राय, समाज्ञा हिंदी दैनिक के संपादक अनिल कुमार राय और अभियान के सूत्रधार अविनाश कुमार सिंह के साथ विस्तृत चर्चा की गई। पिछले पांच वर्षों से चल रहे इस सेवा अभियान के तहत गंगा किनारे स्थित 27, नित्यधान मुखर्जी रोड स्थित संस्था परिसर में करीब 40 से अधिक छात्रों के रहने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी।

जानकारी के अनुसार बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रों से छात्र प्रतियोगिता परीक्षा देने हावड़ा पहुंचे थे। संस्था की ओर से छात्रों के लिए आवास और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई। वहीं, इस पूरे अभियान को सफल बनाने में भूमंत्र फाउंडेशन की टीम द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए गए प्रचार-प्रसार की भी अहम भूमिका रही।



**कैखाली श्याम बाबा कॉम्प्लेक्स कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विधायक तरुण ज्योति तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव संदीप लोहिया, कोषाध्यक्ष कमल गोयनका तथा सदस्य प्रकाश सराफ, संजीव शर्मा, शिव बजाज और सज्जनजी शर्मा का विशेष योगदान रहा।**

## डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड ने भारत में ओरल सेमाग्लूटाइड बायोसिमिलर टैबलेट 'ओबेडा' को किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने भारत में टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए अपनी ओरल सेमाग्लूटाइड बायोसिमिलर टैबलेट 'ओबेडा' लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि यह दवा 3 एमजी, 7 एमजी और 14 एमजी की खुराक में उपलब्ध होगी। इसकी कीमत क्रमशः 99 रुपये, 135 रुपये और 225 रुपये प्रति टैबलेट तय की गई है। कंपनी के अनुसार ओबेडा एक जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट आधारित दवा है, जिसे ब्लड शुगर नियंत्रण बेहतर बनाने के लिए आहार और व्यायाम के साथ दिया जाएगा। डॉ. रेड्डीज ने दावा किया कि भारत में 288 मरीजों पर किए गए फेज-3 क्लिनिकल अध्ययन में इस दवा ने प्रभावकारिता और सुरक्षा के मामले में सकारात्मक परिणाम दिए हैं। कंपनी के ग्लोबल जेनेरिक्स के सीईओ एम.वी. रमणा ने कहा कि यह लॉन्च भारत में उन्नत डायबिटीज केयर को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आईसीएमआर के आंकड़ों के अनुसार भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ओबेडा केवल डॉक्टर के पर्चे पर उपलब्ध होगी।

## एएससीआई के 'एडवाइज' कार्यक्रम से 13 राज्यों के 10 लाख से अधिक छात्र जुड़े

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने बताया कि उसके विज्ञापन साक्षरता कार्यक्रम 'एडवाइज' के जरिए देशभर के 2,063 स्कूलों के 10,66,374 छात्रों तक पहुंच बनाई गई है। यह कार्यक्रम कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के लिए चलाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली-एनसीआर सहित 13 राज्यों के स्कूल शामिल रहे। एएससीआई के अनुसार डिजिटल विज्ञापनों और इन्फ्लुएंसर प्रमोशन को समझाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस कार्यक्रम ने छात्रों की विज्ञापन पहचान और आलोचनात्मक सोच क्षमता में बड़ा सुधार किया है। कार्यक्रम के बाद किए गए मूल्यांकन में विज्ञापनों के उद्देश्य को समझने वाले छात्रों की संख्या 40 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गई। यह सत्र हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, तमिल, गुजराती समेत 8 भाषाओं में आयोजित किए गए। एएससीआई की सीईओ मनीषा कपूर ने कहा कि आज के दौर में मीडिया और विज्ञापन साक्षरता बच्चों के लिए जरूरी जीवन कौशल बन चुकी है। संगठन ने आगे भी इस अभियान को देशभर के स्कूलों तक पहुंचाने की बात कही है।

## शर्मा परिवार में शोक



**कोलकाता, समाज्ञा :** गत काल सीमा शर्मा (धर्मपत्नी : इंद्र नारायण शर्मा) का देहांत हो गया। शर्मा परिवार काफी लंबे समय से विनायक एनक्लेव में निवास करता है और बड़ाबाजार में अपना ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय है। पीछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। वे अपने पीछे अपने पति, पुत्रः पीयूष, पुत्रीः कंचन, ऋचा, श्वेता, पौत्र - पौत्रीः अंशुम, अव्यान, आद्रीति तथा नात - नातिनः सिद्धांत, निस्ना, विवान, शिवांश, यशस्वी का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। समाज्ञा परिवार मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है और शोक संतप्त परिवार को दुख की इस घड़ी में परम पिता परमेश्वर कृपा कर संबल प्रदान करे ऐसी कामना करता है।

## मुर्शिदाबाद में आरोपित को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, 10 गिरफ्तार

### हमले में एक अधिकारी सहित कई पुलिस कर्मी घायल

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में एक आरोपित को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना में एक अधिकारी सहित कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस के कब्जे से आरोपित को भी छुड़ा लिया, जिसके बाद वह मौके से फरार हो गया। हमले और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि मुख्य आरोपित समेत अन्य हमलावरों की तलाश जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना शुक्रवार की रात की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कूचियामोड़ा इलाके का निवासी आजमत शेख, जिसके खिलाफ एक हथियार मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी है, इलाके की एक चाय की दुकान पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस वहां पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर वाहन में बैठाने लगी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और उनके साथ धक्का-मुक्की तथा मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने पुलिस के कब्जे से आरोपित को छुड़ा लिया, जिसके बाद वह फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही डोमकल थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। रातभर चली कार्रवाई में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस फरार मुख्य आरोपित आजमत शेख और अन्य हमलावरों की तलाश के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जिला पुलिस प्रशासन ने कहा है कि सरकारी काम में बाधा डालने और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर हमले के मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# आसनसोल मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों का रेगुलेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत वर्दवान-आसनसोल सेक्शन के पानागढ़ स्टेशन पर पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में कन्वर्ट करने के लिए 24 मई से 27 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक प्री नॉन-इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण टेक्निकल कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने कई मेमू पैसेंजर, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। इसके तहत, 24, 25, 26 और 27 मई को 63518 आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63522 आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63513 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर तथा 63515 वर्दवान -आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। वहीं, 27 मई को 63511 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर, 63516 आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63549 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर, 63550 अंडाल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63552 आसनसोल-अंडाल मेमू पैसेंजर, 63517 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर, 63524 आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63514 आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर तथा 63521 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेनों को भी रद्द रखा जाएगा। इसके अलावा, 27 मई को 22321 हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस और 22322 सिउड़ी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस का परिचालन भी पूरी तरह कैंसिल रहेगा।

रेलवे प्रशासन ने कुछ ट्रेनों के शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन की भी घोषणा की है। 63509/63510 वर्दवान -झाझा-वर्दवान मेमू पैसेंजर ट्रेनें 24, 25 और 26 मई को केवल आसनसोल से चलेगी और आसनसोल तक ही संचालित होगी। इन ट्रेनों की सेवा वर्दवान और आसनसोल के बीच दोनों दिशाओं में कैंसिल रहेगी। इसी प्रकार, 27 मई को 63519/63520 वर्दवान-बोकारो स्टील सिटी-वर्दवान मेमू पैसेंजर ट्रेनें भी आसनसोल से ही शुरू और समाप्त होंगी तथा वर्दवान-आसनसोल सेक्शन में इनका परिचालन रद्द रहेगा। नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई लंबी दूरी की ट्रेनों को रास्ते में कंट्रोल भी किया जाएगा। 27 मई को 13037 हावड़ा-देहरादून कुंभा एक्सप्रेस, 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस और 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को लगभग 75 मिनट तक एनरूट कंट्रोल किया जाएगा। वहीं, 26 मई को 12382 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस लगभग 60 मिनट तक नियंत्रित रहेगी। इसके अतिरिक्त 25 मई को 04624 अमृतसर-कोलकाता स्पेशल तथा 26 मई को 09709 खातीपुरा-हावड़ा स्पेशल ट्रेन को भी एनरूट उपयुक्त रूप से कंट्रोल किया जाएगा।

## कालीघाट मंदिर में पं. राजेश मिश्रा एवं विकास जायसवाल ने की पूजा-अर्चना



**कोलकाता, समाज्ञा :** काशी अनंतकाशी गुरुकुलम के संस्थापक पं. राजेश कुमार मिश्रा एवं कोलकाता निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी विकास जायसवाल रविवार को कालीघाट मंदिर में मां काली के दरबार में उपस्थित होकर विधिवत दर्शन, पूजन, एवं मां की भव्य आरती की। इस दौरान मां भगवती के समक्ष अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई। इस विशेष रूप से कालीघाट मंदिर के मुख्य अर्चक सोमोदिप हल्दार की गरिमामयी उपस्थिति एवं वैदिक-तांत्रिक परंपरा के अनुरूप सम्पन्न कराए गए अनुष्ठानों ने पूरे आयोजन को और भी आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। पूजन के उपरांत पं. राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि बंगाल की शक्तिपीठ परंपरा केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सनातन चेतना की जीवित धरोहर है। वहीं, विकास जायसवाल ने इसे जीवन का अत्यंत सौभाग्यपूर्ण एवं अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया। पूरे अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर 'जय मां काली' के उद्घोषों से गुंजायमान रहा।

## जयश्रीराम का उद्घोष करने की आजादी मिली है : दिलीप घोष

**❑ नागरिक स्वास्थ्य संघ द्वारा श्री बलदेवजी गवरजा सेवा ट्रस्ट कस्तूरी जयंती महोत्सव कमेटी के सहयोग से निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर**



**कोलकाता :** सेवा और संकल्प की 75 वर्ष की यशस्वी यात्रा में नागरिक स्वास्थ्य संघ द्वारा श्री बलदेवजी गवरजा सेवा ट्रस्ट कस्तूरी जयंती महोत्सव कमेटी के सहयोग से निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन राज्य के मंत्री दिलीप घोष, विधायक विजय ओझा, पार्षद मीना पुरोहित, समाजसेवी रमेश दम्मानी, श्रीलाल मोहता, बसन्त डागा, प्रमोद डागा, अशोक डागा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सेवा शिविर में 150 नागरिकों के नेत्र में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जा रहा है। अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकाश चन्द चांडक, गोवर्धन मूंधड़ा, आलोक दमानी, अविनाश गुप्ता, श्रीबल्लभ दुजारी, मदन मोहन दमानी, महेश आचार्य एवं कार्यकर्ताओं ने किया। राज्य के मंत्री दिलीप घोष ने संघ के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए कहा जनादेश ने राज्य में नेतृत्व का परिवर्तन किया है। जयश्रीराम का उद्घोष करने की आजादी मिली है। राजनीति में आने का उद्देश्य मानव सेवा है। सेवा सनातन धर्म का संस्कार है। उन्होंने गौमाता का सम्मान, सेवा, संरक्षण करने तथा परोपकार की भावना से दुःखी, पीड़ित की सेवा करने की प्रेरणा दी। विधायक विजय ओझा ने कहा राज्य में कानून की सरकार है, जनता ने भाजपा नेतृत्व पर भरोसा किया है। संस्था के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल, सचिव विकाश चन्द चांडक ने नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवा कार्यों की जानकारी दी। धीरज बागड़ी, बल्लभ पचीसिया, विकास दुजारी, राहुल मोहता, विजय सादानी, बल्लभ डागा, जगदीश बागड़ी, यश बिन्नानी, लक्ष्मण राठी, गिरिराज चांडक, गणेश लाखोटिया, बसन्त (झबरू) दुजारी, पवन बागड़ी, विभा डागा एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## मेट्रो टनल में एनडीआरएफ और फायर सर्विस के साथ हुआ विशेष मॉक ड्रिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने जय हिंद विमानबंदर और जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो टनल में विशेष पैसेंजर इवैक्यूएशन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह संयुक्त अभ्यास नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) और वेस्ट बंगाल फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज (डब्ल्यूबीएफ एंड ईएस) की टीमों के साथ कमर्शियल सेवा समाप्त होने के बाद 23 मई की रात को किया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य भूकंप जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारियों को परखना और मेट्रो कर्मचारियों के रेस्क्यू स्किल को और मजबूत बनाना था। ड्रिल के दौरान मोटरमैन और स्टेशन अधिकारियों को एनडीआरएफ तथा फायर सर्विस के विशेषज्ञों द्वारा ट्रेन फंस जाने की स्थिति में तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान मेट्रो कर्मचारियों की सतर्कता, आपदा प्रबंधन क्षमता और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की भी जांच की गई। मॉक ड्रिल में मेट्रो रेलवे के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मेट्रो प्रशासन ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टनल और वायाडक्ट क्षेत्रों में समय-समय पर इस प्रकार के मॉक ड्रिल नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

## हावड़ा के डीआरएम ने चलती ट्रेनों में किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की जांच तेज



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने रविवार सुबह विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विशाल कपूर ने किया। निरीक्षण हावड़ा-वर्दवान सेक्शन में चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों, विशेष रूप से मुंबई मेल और पूर्वा एक्सप्रेस में किया गया। यह अभियान यात्री सुरक्षा और सेवा गुणवत्ता को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। निरीक्षण में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। अधिकारियों ने स्वयं ट्रेनों में यात्रा कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, कोचों की स्थिति, फायर सेफ्टी, स्टाफ की तत्परता और यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान आरपीएफ डॉग स्क्वॉड की मदद से कोचों और यात्रियों के सामान की जांच भी की गई। निरीक्षण के दौरान एसी थ्री टियर कोच के शौचालय में एक यात्री को धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया, जिसके खिलाफ रेलवे नियमों के तहत कार्रवाई की गई। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन के अंदर धूम्रपान जैसी गतिविधियां यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी। डीआरएम विशाल कपूर ने यात्रा के दौरान यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी जाना। रेलवे प्रशासन ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस दौरान हावड़ा के सीनियर डीसीएम राहुल रंजन भी उपस्थित रहे।

# हावड़ा में पुलिस का सख्त एक्शन, अंडरगारमेंट्स में सड़कों पर घुमाया गया कथित डॉन आकाश सिंह

**हावड़ा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में हावड़ा के चर्चित कथित अपराधी आकाश सिंह को पुलिस ने केवल अंडरगारमेंट्स पहने हालत में शहर के विभिन्न इलाकों में घुमाया। इस दौरान पुलिस ने कई स्थानों पर क्राइम सीन रीकंस्ट्रक्शन भी कराया। पूरे घटनाक्रम को लेकर इलाके में भारी चर्चा रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार आकाश सिंह पर वर्ष 2021 में पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर गोलीबारी करने और 20 से अधिक बम फेंकने जैसे गंभीर आरोप हैं।



बताया जा रहा है कि उसे इसी महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को जांच अधिकारी उसे उन इलाकों में लेकर पहुंचे, जहां उसने कथित रूप से बमबाजी, हमला और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जिस स्थिति में लाया गया था, उसी अवस्था में उसे घटनास्थलों तक ले जाया गया। पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस कार्रवाई का उद्देश्य पुराने मामलों की जांच को मजबूत करना और अपराधियों के बीच सख्त संदेश देना है।

## पुलिस पर तृणमूल नेताओं को निशाना बनाने का आरोप, कल्याण बनर्जी ने थाना प्रभारी को सौंपी लिखित शिकायत

**हुगली, समाज्ञा :** अपने विवादित बयानों के लिए सुर्ख़ियों में रहने वाले सांसद कल्याण बनर्जी ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस तृणमूल कांग्रेस नेताओं व पार्षदों के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई कर रही है।



उन्होंने श्रीरामपुर थाना प्रभारी बप्पी राय से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपी और आरोप लगाया कि मतगणना के बाद से पुलिस कार्रवाई लगातार बढ़ गई है। उनके अनुसार, कई पार्षदों को कथित तौर पर झूठे मामलों में फंसाकर गिरफ्तार किया जा रहा है तथा थाने में उनके साथ मारपीट भी की जा रही है। कल्याण बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तृणमूल समर्थकों पर हमले किए जा रहे हैं और पुलिस प्रशासन उन्हें संरक्षण दे रहा है। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। कल्याण बनर्जी ने भाजपा और पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को थाने में ले जाकर बेरहमी से पीटा जा रहा है और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा समर्थित तत्व पुलिस की मदद से बिना किसी नोटिस के लोगों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 'पुलिस राज' और 'तानाशाही' का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में डानकुनी में एक पार्षद को रात 2 बजे गिरफ्तार किया गया और हथकड़ी लगाकर ले जाया गया। उनका आरोप है कि भाजपा राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए पुलिस शक्ति का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने कथित तौर पर 'साढ़े बारह हजार तृणमूल कार्यकर्ताओं को उठाने' की बात कही है। अगर ऐसा होता है तो वह और उनके सहयोगी उन कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस के सहारे सरकार नहीं चलाई जा सकती। साथ ही, चेतावनी दी कि तृणमूल आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन करेगी। राज्य का मुद्दा अब राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन चुका है और अगले तीन वर्षों में राज्य में बदलाव निश्चित है।

## आरामबाग में पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार टीएमसी नेता

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के आरामबाग बस स्टैंड के पास स्थित टीएमसी कार्यालय पर पुलिस ने छापा मारा। वहां से पुलिस ने भारी मात्रा में धारदार हथियार बरामद किए हैं। इतना ही नहीं, जब पुलिस टीम दफ्तर की छत पर पहुंची, तो वहां भारी संख्या में जिंदा बम (क्रूड बम) बिखरे पड़े मिले। इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरामबाग के कद्दावर टीएमसी नेता और जिला महासचिव राकेश अली को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पार्टी दफ्तर में भारी मात्रा में हथियार और बम क्यों छिपाकर रखे गए थे? पुलिस ने जैसे ही इस एंगल पर तफ्तीश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आरामबाग बस स्टैंड और उसके आसपास के इलाकों में राकेश अली का खासा दबदबा था और उनके इशारे के बिना वहां पत्ता भी नहीं हिलता था। इस बरामदगी और गिरफ्तारी के बाद इलाके में भारी राजनीतिक तनाव फैल गया है।



## संविधान निर्माता को अब ताला बंदी से मिलेगी मुक्ति : भास्कर भट्टाचार्य

**हुगली, समाज्ञा :** भाजपा के नव निर्वाचित विधायक ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माता को ताले में बंद नहीं रखा जा सकता। भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि यह वही स्थान है जहां चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें कथित तौर पर आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से रोक दिया गया था। उस समय उनके साथ दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप भी सामने आया था। माल्यार्पण के बाद विधायक ने कहा कि जब वह पहले यहां आए थे, तब उन्हें संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने से रोका गया था और प्रतिमा को ताले में बंद रखा गया था। उन्होंने कहा कि आज हमने वह ताला खुलवाया ताकि आम लोग भी स्वतंत्र रूप से बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सकें। डॉ. आंबेडकर केवल किसी एक दल या संगठन के नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रेरणास्रोत हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि उस समय उन्हें रोकने वाले तृणमूल कांग्रेस समर्थित क्लब के कुछ लोगों को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ नहीं है। भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने देश को संविधान दिया और समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। ऐसे महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देने से किसी को नहीं रोका जा सकता। घटना को लेकर इलाके में राजनीतिक चर्चा भी तेज हो गई है। भाजपा समर्थकों ने इसे 'लोकतांत्रिक अधिकारों की जीत' बताया, जबकि स्थानीय स्तर पर इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। श्रीरामपुर के भाजपा विधायक भास्कर भट्टाचार्य ने रविवार को रिसड़ा के ब्रह्मानंद स्कूल मैदान के समीप स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक भी मौजूद रहे।



## तृणमूल विधायक के नाम पर वसूली का आरोप, हावड़ा में पुलिस कर्मी गिरफ्तार

**हावड़ा :** हावड़ा जिले के सांकराइल इलाके में तृणमूल कांग्रेस विधायक के नाम पर कथित तौर पर लाखों रुपये की वसूली करने के आरोप में एक पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिन मोल्ला उर्फ सनी के रूप में हुई है। वह फिलहाल शिवपुर पुलिस लाइन में होमगार्ड के तौर पर तैनात था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। घटना सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, साहिन मोल्ला सांकराइल के रघुदेवबाटी चक श्रीकृष्ण इलाके का निवासी है। पहले वह मानिकपुर फाड़ी में कार्यरत था, बाद में उसे शिवपुर पुलिस लाइन भेजा गया। आरोप है कि तृणमूल शासनकाल के दौरान से ही उसके खिलाफ रंगदारी, धमकी और अवैध वसूली जैसे कई गंभीर आरोप सामने आते रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच उसकी पहचान सांकराइल की तृणमूल कांग्रेस विधायक प्रिया पाल के करीबी के रूप में थी। भाजपा ने आरोप लगाया है कि वह विधायक के नाम पर दुकानदारों, प्रमोटरों और सट्टा कारोबारियों से डर दिखाकर मोटी रकम वसूलता था। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।



## खानाकुल में अवैध निर्माण हटाने के लिए बुलडोजर अभियान, नालों पर बने ढांचे ध्वस्त



**हुगली, समाज्ञा :** प्रशासन ने रविवार को खानाकुल के नंदनपुर और जगतपुर इलाके में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान बुलडोजर की मदद से ड्रेन और जलनिकासी व्यवस्था पर बने कई अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से नालों और जलनिकासी मार्गों पर अवैध कब्जा कर निर्माण किए जाने के कारण इलाके की सामान्य जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए जलनिकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए खानाकुल के विधायक सुशांत घोष ने कहा कि वह लंबे समय से इस समस्या के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि खानाकुल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है और यदि नालों तथा जलनिकासी मार्गों को भरकर निर्माण किया जाएगा तो बारिश के समय स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के हित में अवैध कब्जों को हटाकर जलनिकासी व्यवस्था को चालू रखना बेहद जरूरी है। अभियान को लेकर इलाके में कुछ समय के लिए हलचल का माहौल बना रहा, लेकिन प्रशासन की सक्रियता के चलते पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने भी जलभराव और बाढ़ की समस्या से राहत के लिए प्रशासन की इस कार्रवाई का समर्थन किया।

## हावड़ा में बांग्लादेशी दंपति गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बनाकर भारत में रहने का आरोप



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के जगाछा थाना इलाके से पुलिस ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों के नाम रमजान गाजी और आरिफा बेगम है। दोनों ने खुद को पति-पत्नी बताया है। उनकी उम्र 35 से 37 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों को जगाछा थाना क्षेत्र के उनसानी इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे उनसानी के माझेरपाड़ा इलाके में रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उनका घर बांग्लादेश के सातखीरा जिले में है। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने फर्जी पहचान दस्तावेज बनवाकर भारत में प्रवेश किया और यहां रह रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों को रविवार को हावड़ा जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

## शिवपुर हिंसा कांड के आरोपी तृणमूल नेता बड़े को अदालत में किया पेश, 8 दिन की पुलिस कस्टडी

**हावड़ा, समाज्ञा :** शिवपुर के चौड़ा बस्ती इलाके में चुनाव बाद हुई हिंसा, बमबाजी और गोलीबारी के मामले में तृणमूल नेता शमीम अहमद उर्फ बड़े समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर मुंबई से हावड़ा लाया गया है। रविवार को सभी आरोपियों को हावड़ा अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने शमीम अहमद उर्फ बड़े को 8 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार, राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद बीते 7 मई को शिवपुर के चौड़ा बस्ती इलाके में भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच इलाके पर कब्जे को लेकर हिंसक संघर्ष हुआ था। आरोप है कि शमीम अहमद उर्फ बड़े और उसके समर्थकों ने इलाके में जमकर बमबाजी और गोलीबारी की थी। घटना के बाद से ही बड़ा फरार चल रहा था और उसकी तलाश में शिवपुर थाने की पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।



करीब तीन दिन पहले मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शमीम अहमद उर्फ बड़े को मुंबई से गिरफ्तार किया। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर उसे और उसके दो साथियों को हावड़ा लाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हिंसा भड़काने, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

शमीम अहमद उर्फ बड़े की पत्नी शमीमा बानू तृणमूल कांग्रेस की पूर्व पार्षद रह चुकी हैं, जबकि बड़ा खुद शिवपुर इलाके का प्रभावशाली तृणमूल नेता माना जाता है। इससे पहले उसके घर के तहखाने और सोने जैसे दिखने वाले आलीशान पलंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वह काफी चर्चा में आया था। अब उसकी गिरफ्तारी के बाद इलाके में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

# फलता में बदला सियासी गणित: 2011 से 2026 तक अभिषेक के गढ़ में भाजपा का ऐतिहासिक उभार, माकपा की वापसी के संकेत

### फलता विधानसभा चुनाव: 2011-2026 तुलना

| वर्ष | विजेता दल | उम्मीदवारवोट | प्रतिशत | मुख्य प्रतिद्वंद्वी | अंतर |
|---|---|---|---|---|---|
| 2011 | टीएमसी | तमोनाश घोष | 55.61% | माकपा | 27,671 |
| 2016 | टीएमसी | तमोनाश घोष | 50.15% | माकपा | 23,580 |
| 2021 | टीएमसी | शंकर कुमार नस्कर | 56.35% | भाजपा | 40,774 |
| 2026 | भाजपा | देबांग्शु पांडा | 71.20% | माकपा | 1,09,021 |

### 2011 से 2026: फलता सीट का राजनीतिक सफर

**2011: टीएमसी की मजबूत शुरुआत**

2011 में टीएमसी उम्मीदवार तमोनाश घोष ने 55.61 प्रतिशत वोट हासिल कर माकपा के अरधेंदु शेखर बिंदु को 27 हजार से अधिक मतों से हराया था। यह वह दौर था जब राज्य में वाममोर्चा सरकार का पतन हुआ और टीएमसी का उभार चरम पर था।

**2016: भाजपा की शुरुआती दस्तक**

2016 में भी टीएमसी ने सीट बरकरार रखी, लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत 3.45 से बढ़कर 8.38 प्रतिशत पहुंच गया।

माकपा दूसरे स्थान पर बनी रही और मुकाबला मुख्यतः टीएमसी बनाम वाम के बीच रहा।

**2021: भाजपा मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी**

2021 में राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल गए। भाजपा ने 36.75 प्रतिशत वोट हासिल किए और मुख्य विपक्षी शक्ति बन गई। माकपा लगभग मुकाबले से बाहर हो गई। टीएमसी उम्मीदवार शंकर कुमार नस्कर ने 56.35 प्रतिशत वोट लेकर जीत दर्ज की, लेकिन भाजपा ने पहली बार गंभीर चुनौती पेश की।

**2026: समीकरण का पूर्ण उलटफेर**

2026 में भाजपा का वोट प्रतिशत सीधे 71.20 प्रतिशत तक पहुंच गया। दूसरी ओर टीएमसी का वोट शेयर लगभग 56 प्रतिशत से गिरकर करीब 3.7 प्रतिशत पर आ गया। सबसे दिलचस्प बदलाव माकपा की वापसी रही, जिसने लगभग 20 प्रतिशत वोट हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

आलोक प्रसाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट, जो कभी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सबसे सुरक्षित गढ़ों में गिनी जाती थी, अब पश्चिम बंगाल की बदलती राजनीतिक दिशा का प्रतीक बनकर उभरी है। 2026 के विधानसभा चुनाव परिणामों ने न केवल टीएमसी को भारी झटका दिया, बल्कि भाजपा के अभूतपूर्व उभार और माकपा की अप्रत्याशित वापसी के संकेत भी दिए हैं।



भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने 1,49,666 वोट हासिल कर 71.20 प्रतिशत मत प्राप्त किए और रिकॉर्ड जीत दर्ज की। वहीं माकपा उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40,645 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के अब्दुर रज्जाक मोल्ला तीसरे स्थान पर रहे, जबकि टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान मात्र 7,783 वोटों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए और उनकी जमानत तक जब्त हो गई।

यह परिणाम इसलिए भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि फलता, टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के प्रभाव क्षेत्र के अंतर्गत आता है। दो वर्ष पहले हुए लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र से टीएमसी को भारी बढ़त मिली थी।

❑ **अभिषेक बनर्जी की चुनौती और बदला माहौल**

मई 2026 में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को खुली चुनौती देते हुए कहा था कि भाजपा दस जन्म भी ले ले तो फलता में टीएमसी को हरा नहीं सकती। यह बयान भाजपा नेता अमित मालवीय के उस आरोप के जवाब में आया था, जिसमें उन्होंने डायमंड हार्बर मॉडल के ढहने की बात कही थी।

❑ **आईपीएस अजय पाल शर्मा और तृणमूल उमीदवार जहांगीर खान के बीच जुबानी जंग**

चुनाव आयोग द्वारा फलता के 285 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान के आदेश के बाद राजनीतिक तनाव और बढ़ गया था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा, जो चुनाव आयोग के पुलिस पर्यवेक्षक थे, केंद्रीय बलों के साथ टीएमसी नेता जहांगीर खान के घर पहुंचे थे। वहां उन्होंने ऑन कैमरा चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि किसी ने मतदाताओं को डराने या गड़बड़ी करने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई होगी। उनकी यह टिप्पणी चुनावी माहौल में प्रशासनिक सख्ती और केंद्रीय बलों की सक्रियता का प्रतीक बन गई।

तो वहीं दूसरी ओर तृणमूल उमीदवार जहांगीर खान ने अजय पाल शर्मा की चेतावनी के जवाब में कहा था कि अगर वह 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूँ। खेल की शुरुआत तुमने की है, इसे खत्म मैं करूँगा। इसके अलावा, उन्होंने सीआरपीएफ को उड़ाने की भी धमकी दी थी।

❑ **राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार फलता में दो समानांतर रुझान दिखाई दिए –**

■ ***हिंदू मतदाताओं का बड़े पैमाने पर भाजपा के पक्ष में ध्रुवीकरण***

■ ***अल्पसंख्यक मतदाताओं के एक हिस्से का टीएमसी से हटकर वामपंथ की ओर झुकाव***

इसी कारण टीएमसी का पारंपरिक सामाजिक समीकरण पूरी तरह बिखरता दिखाई दिया।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि फलता का परिणाम केवल एक सीट की हार-जीत नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल की बदलती सामाजिक और राजनीतिक संरचना का संकेत है। यदि यही रुझान अन्य क्षेत्रों में भी दिखाई देता है, तो आने वाले वर्षों में राज्य की राजनीति का संतुलन पूरी तरह बदल सकता है।

## भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकार सख्त : हफ्ते भर में 70 से ज्यादा तृणमूल नेताओं की हुई गिरफ्तारी

❑ **वसूली, हिंसा, सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भ्रष्टाचार, वसूली, सरकारी धन में कारगुजारी और चुनाव बाद हिंसा के आरोपों में पिछले सात दिनों के दौरान तृणमूल कांग्रेस के 70 से ज्यादा नेताओं और जनप्रतिनिधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें सबसे बड़ा नाम पूर्व मंत्री सुजीत बसु का है, जिन्हें भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। वहीं, उनके करीबी कई पार्षदों और नेताओं को पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पकड़ा है। केवल शनिवार को ही राज्यभर में 17 तृणमूल नेताओं की गिरफ्तारी हुई। कोलकाता और बिधाननगर में शनिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोलकाता नगर निगम के 123 नंबर वार्ड के पार्षद सुदीप पोल्ले और विधाननगर के पार्षद सम्राट बरुआ प्रमुख हैं। सम्राट पर वसूली का आरोप है। इसके अलावा हावड़ा, हुगली, नदिया, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बर्धमान और कूचबिहार में भी तृणमूल नेताओं पर कार्रवाई हुई। हावड़ा के जगतबल्लभपुर में 2021 विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले और तोड़फोड़ के आरोप में ग्राम पंचायत उपप्रधान गुरुपद माझी और उसके भाई राजू माझी को गिरफ्तार किया गया। हुगली में दादपुर के तृणमूल पंचायत सदस्य अलताब हुसैन मलिक को भी चुनाव बाद हिंसा मामले में पकड़ा गया। हुगली के कोन्नगर नगरपालिका के पार्षद बाबलू पाल उर्फ खोखन को सरकारी जमीन कब्जाकर पार्टी कार्यालय बनाने, अवैध कारोबार और फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नदिया के आड़ंगघाटा में तृणमूल नेता रमजान अली मंडल को गिरफ्तार किया गया।

## संदेशखाली में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के मनिपुर इलाके में एक बांग्लादेशी नागरिक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम मो. इस्लाम है, जो बांग्लादेश के ढाका का निवासी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, वह वर्ष 2018 में सातक्षीरा बॉर्डर पार कर अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। इसके बाद, वह देश के विभिन्न राज्यों में घूम-घूमकर मजदूरी का काम करता रहा। हाल ही में, वह बिहार से आकर संदेशखाली के मनिपुर इलाके में पहुंचा था। स्थानीय लोगों को उस पर संदेह हुआ, जिसके बाद पूछताछ करने पर उसने खुद को बांग्लादेशी नागरिक होने की बात स्वीकार की। उसके पास किसी भी प्रकार का भारतीय नागरिकता संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद, ग्रामीणों ने उसे संदेशखाली पुलिस स्टेशन की पुलिस के हवाले कर दिया।

## शालिमार स्टेशन पार्किंग में रंगदारी को लेकर खूनी हमला, दो भाई घायल

**हावड़ा :** शालिमार स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में रंगदारी नहीं देने पर पार्किंग कर्मी और उसके बड़े भाई पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्थानीय बदमाशों ने दोनों भाइयों की बेरहमी से पिटाई की और ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। घटना रविवार शाम शालिमार स्टेशन के पास स्थित पार्किंग जोन में हुई। घायल पार्किंग ऑफिस कर्मचारी योगिंदर साहू ने आरोप लगाया कि इलाके का रहने वाला विक्की सिंह अपने कुछ साथियों के साथ नशे की हालत में वहां पहुंचा और उससे 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया और योगिंदर के सिर व चेहरे पर ब्लेड से वार किया। अपने भाई को घायल हालत में देखकर टोटो चालक राजा कुमार साहू उसे बचाने पहुंचा, लेकिन बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट की। हमले में दोनों भाई घायल हो गए। पूरी घटना पार्किंग क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घायलों को इलाज के लिए दक्षिण हावड़ा स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर शिवपुर बोटानिकल गार्डेन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।



### उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में नाबालिग छात्रा से बलात्कार के आरोपी मौलवी को उम्रकैद

**हमीरपुर (उप्र):** हमीरपुर की विशेष पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग छात्रा से बलात्कार के मामले में एक मौलवी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। शासकीय अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव में 29 नवंबर 2023 को 11 वर्षीय एक लड़की अपने चचेरे भाई के साथ एक मस्जिद में मौलवी मुंतजिर आलम से अरबी पढ़ने गई थी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई खत्म होने के बाद आलम ने बाकी सभी बच्चों को घर भेज दिया लेकिन पीड़िता को घर के काम का बहाना करके रोक लिया और जब वह घरेलू काम कर रही थी तभी आरोपी ने उससे बलात्कार किया। सिंह ने कहा कि शाम को घर लौटकर पीड़िता ने अपने परिजन को घटना के बारे में बताया तो परिजन ने आरोपी मौलवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई उन्होंने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) विशेष अदालत के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को आलम को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और 26 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### राजस्थान के राजसमंद में सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के राजसमंद जिले में रविवार को सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा सेलगुड़ा गांव के पास आमेट-देवगढ़ राज्य राजमार्ग पर हुआ जब देवगढ़ की ओर से आ रहे ट्रेलर ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीड़ित और मोटरसाइकिल ट्रेलर के नीचे फंस गए और तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ओमसिंह चुंडावत ने बताया कि मृतकों की पहचान आमेट के निवासियों मुकेश जोशी (40), उनके भतीजे कुलदीप (7) और एक अन्य रिश्तेदार लक्षदीप (3) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि लोग ढेलाना में स्थित भेरूजी मंदिर जे रहे थे। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

### डीआरआई ने गोरखपुर में जब्त कीं विदेश में निर्मित तीन लाख सिगरेट

**लखनऊ:** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक ट्रक की तलाशी के दौरान म्यांमा से भारत में तस्करी करके लाई गई विदेश में निर्मित तीन लाख सिगरेट स्टिक बरामद कीं। डीआरआई ने रविवार को एक बयान में बताया कि तस्करी करके सिगरेट स्टिक लाए जाने के बारे में सूचना मिलने पर निदेशालय के अधिकारियों ने शनिवार को गोरखपुर में असम से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे एक ट्रक को रोककर उसकी गहन तलाशी ली, जिसमें 30 बड़े डिब्बों में विदेश में निर्मित एक प्रमुख ब्रांड की कुल तीन लाख सिगरेट स्टिक बरामद की गयीं, जिनकी कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। बयान के अनुसार ट्रक में दिखाने के लिए बांस के 9.42 मैट्रिक टन वजन के टुकड़े लदे थे लेकिन बहुत चालक के केबिन के पीछे एक जगह बनाकर उसमें सिगरेट से भरे डिब्बे छुपाए गए थे। बयान के अनुसार बरामद सिगरेट को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 तथा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 के तहत जब्त किया गया है।

### संघ प्रमुख भागवत तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे

**लखनऊ:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत रविवार को 'कार्यकर्ता विकास वर्ग - प्रथम (सामान्य)' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भागवत मंगलवार तक लखनऊ में रहेंगे, लेकिन वह इस दौरान किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 'कार्यकर्ता विकास वर्ग' स्वयंसेवकों का एक प्रशिक्षण शिविर है जिसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के कार्यों को पूरा करने के लिए उनकी समझ, क्षमता और सामर्थ्य को बढ़ाना है। संघ के एक पदाधिकारी ने कहा, 'इस तरह के शिविर इन स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में अपना समय और प्रयास समर्पित करने के लिए तैयार करते हैं। चरित्र निर्माण या व्यक्तित्व विकास भी इस प्रक्रिया का एक हिस्सा है।' उन्होंने बताया कि लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित यह कार्यक्रम 21 मई को शुरू हुआ था और 11 जून को समाप्त होगा।

# राजस्थान में भू-जल संकट गहराया, पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा से स्वास्थ्य के लिये बढ़ा खतरा

## भू-जल का अंधाधुंध दोहन और फ्लोराइड प्रदूषण बना बड़ी चुनौती, लाखों लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा



**जयपुर:** राजस्थान में भू-जल का लगातार गिरता स्तर और पेयजल में फ्लोराइड की बढ़ती मात्रा अब गंभीर जनस्वास्थ्य संकट का रूप लेती जा रही है। राज्य के कई जिलों में भू-जल का अत्यधिक दोहन, खराब जल गुणवत्ता और उससे जुड़ी बीमारियों ने चिंता बढ़ा दी है। भाजपा नेता विजय सिंह बैंसला द्वारा तैयार की गई एक भेद्यता विश्लेषण रिपोर्ट में यह गंभीर स्थिति सामने आई है।रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान का भू-जल संकट अब मौसमी या अस्थायी नहीं बल्कि संरचनात्मक बन चुका है। अध्ययन में बताया गया है कि पिछले कई वर्षों से भू-जल निकासी प्राकृतिक पुनर्भरण से लगातार अधिक रही है। वर्ष 2022 में भू-जल निकासी प्राकृतिक पुनर्भरण के 151 प्रतिशत तक पहुंच गई। यानी जितना पानी प्राकृतिक रूप से जमीन में वापस जा रहा था, उससे कहीं अधिक पानी निकाला गया। इसी दौरान राज्य में भू-जल अधिविकर्ष 4.43 अरब घन मीटर तक दर्ज किया गया।रिपोर्ट में कहा गया है कि अत्यधिक दोहन वाले भू-जल ब्लॉकों की संख्या 2015 में 198 थी, जो 2022 में बढ़कर 219 हो गई। वहीं सुरक्षित श्रेणी के ब्लॉक 52 से घटकर केवल 38 रह गए। मॉनसून पूर्व भू-जल की औसत गहराई 2015 में 24.5 मीटर थी, जो 2024 में बढ़कर 28.8 मीटर तक पहुंच गई है। विश्लेषण के अनुसार अब राज्य के लगभग हर पांच में से चार भू-जल ब्लॉक गंभीर या अत्यधिक दोहन की श्रेणी में आ चुके हैं।रिपोर्ट में पश्चिमी राजस्थान के नागौर, बाड़मेर, जालोर, जोधपुर, सीकर और झुंझुनूं जिलों को फ्लोराइड प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित बताया गया है। 17 जिलों में फ्लोराइड का स्तर भारतीय मानक ब्यूरो की निर्धारित सीमा 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक पाया गया। नागौर में यह स्तर 5.8 मिलीग्राम प्रति लीटर दर्ज किया गया, जो तय सीमा से लगभग चार गुना अधिक है। आईसीएमआर से जुड़े सर्वेक्षण के मुताबिक नागौर में 68 प्रतिशत लोग डेंटल फ्लोरोसिस और 24 प्रतिशत लोग स्केलेटल फ्लोरोसिस से प्रभावित हैं। चिकित्सकों के अनुसार लंबे समय तक फ्लोराइड युक्त पानी पीने से हड्डियों में विकृति, जोड़ों में दर्द, दांत खराब होना, गुर्दे की बीमारी और हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। फ्लोराइड प्रभावित जिलों में शिशु मृत्यु दर भी अधिक पाई गई है। बाड़मेर में यह दर 56 प्रति हजार जीवित जन्म दर्ज की गई, जो राज्य में सबसे अधिक है।रिपोर्ट में नागौर, बाड़मेर, जालौर और जैसलमेर को सबसे अधिक संवेदनशील जिलों में रखा गया है। अनुमान है कि 4.6 करोड़ से अधिक लोग उच्च या अत्यधिक संवेदनशीलता वाले क्षेत्रों में रह रहे हैं। दूसरी ओर दक्षिणी आदिवासी जिलों बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ में भू-जल गुणवत्ता अपेक्षाकृत बेहतर पाई गई, हालांकि वहां गरीबी और सामाजिक चुनौतियां अधिक हैं।बैंसला ने मुख्यमंत्री कार्यालय को राजस्थान भू-जल पुनर्भरण और स्थिरता नीति 2026 शीर्षक से एक नीति पत्र भी सौंपा है। इसमें जनप्रतिनिधियों के लिए भू-जल पुनर्भरण लक्ष्य तय करने तथा स्थानीय क्षेत्र विकास निधि का एक हिस्सा जल संरक्षण कार्यों पर खर्च करने का सुझाव दिया गया है।विशेषज्ञों ने तालाबों, झीलों, चेक डैम और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन तथा ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने की जरूरत बताई है।

### राजस्थान: भीषण गर्मी का दौरा जारी, जैसलमेर में तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**जयपुर:** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है और पश्चिमी हिस्सों में तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बना हुआ है जबकि जैसलमेर में पिछले 24 घंटों के दौरान तापमान सबसे अधिक 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर स्थित मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र ने लू की चेतावनी दी और अगले तीन से चार दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया। मौसम विभाग ने बताया कि 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलने का अनुमान है, साथ ही तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने बताया कि 26 और 27 मई को पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है और कुछ स्थानों पर भीषण लू की स्थिति बन सकती है। मौसम केंद्र के मुताबिक, हालांकि 28-29 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ राहत ला सकता है और इस दौरान तेज आंधी व 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ हल्की बारिश का अनुमान है। विभाग ने इससे अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की उम्मीद जताई।

## भीषण गर्मी में गांव-शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती मांग के बीच गांव-शहर में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन, किसान, व्यापारी और उद्योगों को बिजली संकट न हो, इसके लिए हर स्तर पर सतत निगरानी की जाए। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की मौजूदगी में रविवार को विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से काम करे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। बयान में बताया गया कि 2022 की तुलना में 2026 तक क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि हुई है और गैर पारंपरिक स्रोतों से भी करीब 10 हजार मेगावॉट बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री ने ट्रांसमिशन नेटवर्क को और मजबूत करने को कहा। मुख्यमंत्री ने फीडर वाइज जवाबदेही तय करने और ट्रांसफॉर्मर-फीडर खराबी पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए तथा भूमिगत केबल वाले स्थलों पर खुदाई से पहले अनुमति अनिवार्य की गई है। बयान के अनुसार, अप्रैल-मई में तापमान बढ़ने से बिजली मांग 501 मिलियन यूनिट से बढ़कर 561 मिलियन यूनिट प्रतिदिन हो गई। बयान में बताया गया कि 2020-22 मई को उप्र बिजली मांग पूरी करने में देश में दूसरे स्थान पर रहा और योगी ने 12 राज्यों से पावर बैंकिंग के जरिए आपूर्ति प्रबंधन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को उपभोक्ता हितैषी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 89.23 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं और राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति पोस्टपेड व्यवस्था में परिवर्तित कर दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा के अगले चुनाव में सपा को शत-प्रतिशत सीट जीतनी हैं : अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत सीट जीतने का लक्ष्य रखते हुए पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) को जीत की 'गारंटी' बताया। यादव ने सपा प्रदेश मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि साल 2022 में सपा सरकार बनाने से चूक गयी थी और 2027 के विधानसभा चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़नी है। उन्होंने कहा, जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य शत प्रतिशत सीटें जीतने का है। इस बार उत्तर प्रदेश से भाजपा का पूरा सफाया करना है। पीडीए जीत की गारंटी है। यादव ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि वह चुनाव मिसाल है। उन्होंने कहा कि साल 2027 में सपा की सरकार बनने पर पीड़ित, दुखी, अपमानित लोगों के साथ न्याय होगा। सपा प्रमुख ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार से भाजपा बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि देश को बचाने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश की है। उन्होंने भाजपा पर देश को गंभीर आर्थिक संकट में फंसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आयी है, आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। यादव ने सवाल किया, रोज-रोज, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का क्या अर्थ है? अर्थव्यवस्था अनियंत्रित क्यों हो गयी? 12 वर्ष की सरकार के हिसाब की जवाबदेही किसकी है?

## नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में शिक्षा माफिया को बचा रही सरकार: पायलट



**जयपुर:** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले पर रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा माफिया को बचा रही है तथा लाखों छात्रों के भविष्य की रक्षा करने में विफल रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि एक गंभीर अपराध है जिसने 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के सपनों को तोड़ दिया है। उन्होंने यह बयान झुंझुनूं जिले के गुड़ा गौड़जी में नीट अभ्यर्थी को श्रद्धांजलि देने और शोकाकुल परिवार से मिलने के दौरान दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पायलट ने कहा कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा पर भारी रकम खर्च करते हैं, अक्सर ऋण भी लेते हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं ने व्यवस्था पर उनका भरोसा तोड़ दिया है। उन्होंने प्रशासन पर छात्रों और प्रभावित परिवारों के प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का भी आरोप लगाया। पायलट ने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक एक संगठित रैकेट का हिस्सा है, जिसमें भारी धनराशि का देनदेन हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि शुरुआती अनियमितताओं के संकेत मिलने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज करने में देरी क्यों हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने मामले को दबाने की कोशिश की जबकि छात्रों ने खुद इसका पर्दाफाश किया। पायलट ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी को भी देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है।

### बुलंदशहर में पुलिस ने दो मामलों में कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की

**बुलंदशहर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दो मामलों में पुलिस ने कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पहला मामला अनूपशहर थाना क्षेत्र का है, जहां कुछ दिन पहले यूरिया की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी में इस्तेमाल किए जा रहे तीन ट्रकों को पकड़ा गया था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। आरोपियों में से एक मोहम्मद हारून जमानत हासिल करने की कोशिश कर रहा था। इसे रोकने के लिए शनिवार को उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई शुरू की गई। दूसरा मामला ककोड़ थाना क्षेत्र का है, जहां 24 अप्रैल को दो गुटों के बीच कथित गोलीबारी और पथराव की घटना हुई थी। इस मामले में कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले एक आरोपी असलम के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की जा चुकी थी। रविवार को पुलिस ने एक अन्य आरोपी हसीन के खिलाफ भी रासुका लगाया।

## एसटीएफ ने गोरखपुर में वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार किया, 100 संरक्षित तोते बरामद



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गोरखपुर से एक कथित अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से गुलाबी-गर्दन वाले 100 संरक्षित तोते बरामद किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ ने एक बयान में बताया कि गोरखपुर के तिवारीपुर इलाके के निवासी आमिर को शनिवार रात हवाई अड्डे के पास नंदानगर बस स्टैंड के नजदीक गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी कथित तौर पर राज्यों में संरक्षित पक्षी प्रजातियों की तस्करी में शामिल था और उसके पास से एक पिंजरा, तीन बैग में रखे गए 100 तोते और एक स्कूटी बरामद की गई है। एसटीएफ को संरक्षित वन्यजीव प्रजातियों की तस्करी में लिप्त एक अंतरराज्यीय गिरोह के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद टीमों को खुफिया जानकारी जुटाने और कार्रवाई का निर्देश दिया गया। एसटीएफ ने बताया कि सूचना मिलने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एसटीएफ की टीम ने गोरखपुर स्थित वन विभाग की तिनकोनिया रेंज टीम के साथ समन्वय करके शनिवार रात करीब 9:30 बजे आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसका परिवार पीढ़ियों से पक्षियों का व्यापार करता आ रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में मुनाफा घटने के कारण उन्होंने अधिक लाभ के लिए प्रतिबंधित पक्षियों की प्रजातियों का व्यापार शुरू कर दिया।

### झारखंड सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल किया, 36 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

**रांची:** झारखंड सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 36 अधिकारियों का तबादला किया, नियुक्तियां कीं और अतिरिक्त प्रभार सौंपे। यह जानकारी एक आधिकारिक अधिसूचना में दी गई। अधिसूचना के अनुसार, तीन जिलों में नए उपायुक्त (डीसी) नियुक्त किए गए हैं, जबकि पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे 12 आईएएस अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा को गढ़वा का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह गढ़वा में उप विकास आयुक्त का पदभार संभाल रहे थे। 2019 बैच के आईएएस अधिकारी जावेद हुसैन को खूंटी का उपायुक्त बनाया गया है, जबकि वर्तमान उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया को देवघर का उपायुक्त नियुक्त किया गया। अधिसूचना में कहा गया है कि छवि रंजन को खेल एवं युवा मामलों के विभाग का निदेशक बनाया गया है, जबकि जीशान कमर को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। 2013 बैच के आईएएस अधिकारी सुनील कुमार सिंह को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। भोर सिंह यादव को कृषि विभाग से हटाकर वन एवं पर्यावरण विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में लू की स्थिति, पटना समेत 10 स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा



**पटना:** बिहार के कई हिस्सों में रविवार को लू की स्थिति रही और राज्य के कम से कम 10 स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, रोहतास जिले के डेहरी में सबसे अधिक तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बक्सर में पारा 43.9 डिग्री सेल्सियस, कैमूर में 43.7 डिग्री और औरंगाबाद में 43.1 डिग्री, गया जी और शेखपुरा में तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा सारण में 41.2 डिग्री, पटना में 41 डिग्री, अरवल में 40.5 डिग्री और नालंदा में 40.4 डिग्री दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि बिहार के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी।

### बिहार सरकार जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए तत्परता से काम कर रही: विजय चौधरी



पटना, 24 मई (भाषा) बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार जलवायु परिवर्तन के ''ज्वलंत मुद्दे'' पर गंभीरता और संवेदनशीलता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नवगठित बिहार जलवायु हरित कोष (बीसीजीएफ) हरित आवरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पटना में पत्रकारों से बातचीत में चौधरी ने कहा कि यह कोष जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में स्थापित यह कोष आने वाले वर्षों में बिहार के हरित आवरण को बढ़ाने में सहायक होगा। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कितनी गंभीर है।'' उन्होंने कहा कि इस कोष में विभिन्न विभागों की निविदाओं और अनुबंधों पर 0.25 प्रतिशत उपकर, खनन रॉयल्टी पर 0.5 प्रतिशत उपकर और नए वाहनों के पंजीकरण पर एक प्रतिशत उपकर से राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, स्वैच्छिक सार्वजनिक योगदान और उद्योगों की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) से भी इस कोष को सहायता मिलेगी। चौधरी ने कहा, ''ऐसे समय में जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जूझ रही है और वैश्विक मंच समाधानों पर चर्चा कर रहे हैं, इससे निपटने के लिए बिहार सरकार का संवेदनशील और सक्रिय दृष्टिकोण अनुकरणीय है।' उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पर्यावरण संरक्षण संबंधी पहल को याद करते हुए कहा कि 2019 में शुरू किया गया जल-जीवन हरियाली मिशन जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक सफल मॉडल के रूप में उभरा है।

### गोरखपुर में सरयू नदी में नहाते समय डूबने से भाई-बहन की मौत

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के गोला इलाके में रविवार को सरयू नदी में नहाते समय डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस ने यह बताया कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र के उसरी गांव के रहने वाले प्रिंस (11) और उसकी बहन शिवानी (13) स्कूल की छुट्टियों के दौरान मेहदा गांव में अपने ननिहाल आए थे। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे वे अपनी बुआ माया (16) के साथ सरयू नदी के पास स्थित एक हनुमान मंदिर में दर्शन करने गए थे। पुलिस ने कहा कि पूजा करने के बाद वे तीनों सरयू नदी में स्नान करने के लिए उतरे और इस दौरान प्रिंस गहरे पानी में बह जाने के कारण डूबने लगा और शिवानी ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी नदी के तेज बहाव में फंस गई। पुलिस के अनुसार दोनों बच्चों को डूबता देख माया ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी गहरे पानी में चली गई। पुलिस ने बताया कि चीख पुकार सुनकर पास पड़ोस में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और उनमें से चंद्रमा यादव नामक एक युवक ने नदी में उतरकर माया और प्रिंस को बाहर निकाला जबकि शिवानी लापता हो गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिवानी का शव करीब दो घंटे बाद गोताखोरों ने नदी से बाहर निकाला। गोला के थानाध्यक्ष प्रह्लाद सिंह ने बताया कि शवों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बरामद किया गया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### व्यक्ति ने धारदार हथियार से किया हमला, महिला की मौत, तीन घायल

**नोएडा:** थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर पांच स्थित हरौला गांव में एक वयक्ति ने परिवार के चार लोगों पर शनिवार देर रात धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में घायल महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तीनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि हरौला गांव में सुरेंद्र शर्मा, उनकी पत्नी संजू देवी (40) और दो बेटियां ज्योति (19), जूली (14) शनिवार रात अपने मकान की छत पर सो रहे थे। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात को छत पर सो रहे परिवार पर पड़ोस में रहने वाले हरनाम नामक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में सुरेंद्र शर्मा, उनकी पत्नी और दोनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान संजू देवी की मौत हो गई जबकि सुरेंद्र शर्मा एवं उनकी दोनों बेटियों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत नाजुक बतायी गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस फरार आरोपी की तलाश के साथ ही मामले की जांच कर रही है।

### मथुरा में भीषण गर्मी के बीच हाथियों को ठंडक पहुंचाने के लिए दी जा रही आईसक्रीम, दही और मौसमी फल

**मथुरा (उप्र):** उत्तर भारत में बढ़ती गर्मी के बीच मथुरा के एक पुनर्वास केंद्र में बचाए गए हाथियों को ठंडक पहुंचाने के लिए आइसक्रीम, फ्रोजन फ्रूट ब्लॉक, दही, मौसमी फल दिए जा रहे हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शंकर सिंह ने बताया कि हाथियों का शारीरिक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। उन्होंने कहा कि इनमें पसीना बाहर निकालने की ग्रंथियां बहुत कम होती हैं, इसलिए ये पसीने से खुद को ठंडा नहीं कर पाते और बड़े शरीर के कारण गर्मी धीरे निकलती है। सिंह ने कहा कि इनके बड़े कान फड़फड़ाकर प्राकृतिक कूलिंग का काम करते हैं और पानी, कीचड़ व छाया इनके लिए जरूरी है। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि केंद्र में 34 बचाए गए हाथी हैं, जिनमें 14 नर, 20 मादा हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में हाथियों की सैर सुबह जल्दी और शाम को देर से कराई जाती है ताकि दोपहर की गर्मी से बच सकें। सत्यनारायण ने कहा, पानी बौछारों, साफ पूल और पेयजल की नियमित सफाई से हाथियों के शरीर में जल की मात्रा संतुलित रखी जा रही है।

## रांची पुलिस ने लापता बच्ची के मामले में मदद करने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये की



**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची की पुलिस ने दो हफ्ते पहले घर से लापता हुई 18 महीने की बच्ची के बारे में जानकारी देने वालों के लिए घोषित इनाम की राशि दोगुनी कर दी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस का बच्ची को तलाशने का अभियान जारी है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची नौ मई को शाम करीब 4:30 बजे खोरहा कॉलोनी स्थित अपने घर से लापता हो गई थी। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) संजीव बेसरा ने कहा, 'तलाश अभियान अब भी जारी है। हमने बच्ची का पता लगाने में मदद करने वाले को पूर्व में घोषित इनाम की राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये करने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा कि रांची के विभिन्न थानों को सतर्क कर दिया गया है ताकि बच्ची के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने बताया कि घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के विश्लेषण से पता चला है कि घटना वाले दिन लड़की घर से बाहर नहीं निकली थी। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि 12 मई को, एक तलाशी अभियान के दौरान बच्ची के घर से महज छह फुट की दूरी पर एक खुले नाले से शिशु के शरीर के अंग बरामद किए गए और उन्हें डीएनए परीक्षण के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि डीएनए रिपोर्ट आनी बाकी है।

## ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर किशोर गंगा में गिरे चश्मे को पकड़ने के दौरान बहा

**ऋषिकेश:** उत्तराखंड के ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर गंगा में नहाते समय गिरे चश्मे को पकड़ने के लिए गहरे पानी में उतरे देहरादून का किशोर तेज धारा में बह गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की पहचान देहरादून के चकराता रोड स्थित ओल्ड कनॉट प्लेस निवासी आयुष थापा (17) के रूप में हुई है। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के प्रभारी निरीक्षक कवींद्र सजवान ने बताया कि थापा अपने तीन दोस्तों के साथ ऋषिकेश पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ''वे सुबह त्रिवेणी घाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करते समय थापा का चश्मा नदी में गिर गया। चश्मा निकालने के लिए वह गहरे पानी में चला गया। गंगा नदी की तेज धारा उसे तुरंत बहा ले गई।'' सजवान ने बताया कि जल पुलिस इकाई के कर्मियों ने थापा को बचाने के लिए नदी में छलांग लगाई। सजवान ने कहा कि बचाव के शुरुआती प्रयास विफल रहे।

## संसदीय समिति पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत के समुद्री व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा करेगी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत के समुद्री व्यापार और नाविकों की सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने के लिए सोमवार को एक संसदीय समिति की बैठक होगी। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी संसद की विभागीय स्थायी समिति ने बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिवों को इस चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि समिति के सदस्य 'पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत के समुद्री व्यापार, जहाजरानी अवसंरचना और नाविकों की सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव' के विषय पर चर्चा करेंगे। इस साल 28 फरवरी को पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से भारत का समुद्री व्यापार, विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र, बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बाधित हुई है। भारत की ईंधन आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी और पश्चिम एशियाई देशों से आता था। इस युद्ध के कारण वैश्विक तेल कीमतों में भी उछाल आया है।

## असम में दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की दो करोड़ रुपये से अधिक बोतल जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को कछार और कोकराझार जिलों में इस सिलसिले में अभियान चलाये गए। भारत में कोडीन को लेकर सख्त नियम हैं। कोडीन आधारित दवाओं की बिना चिकित्सा परामर्श के बिक्री प्रतिबंधित है और वैध चिकित्सा लाइसेंस के बिना इनका निर्माण या बिक्री करना स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत अवैध है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि कछार में एक ट्रक से प्रतिबंधित सिरप की खेप जब्त की गई है। उन्होंने शनिवार को कहा, ''विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर, कछार पुलिस ने एक ट्रक को रोका और उसमें से 2.1 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित कोडीन फॉस्फेट सिरप बरामद किया।' शर्मा ने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और उन्होंने आश्वासन दिया कि मादक पदार्थ नेटवर्क को खत्म करने के प्रयास जारी रहेंगे।

## बदरीनाथ के निकट हिमस्खलन से कंचन गंगा प्रभावित, कोई हताहत नहीं

**गोपेश्वर:** उत्तराखंड के चमोली जिले के बदरीनाथ धाम के पास रविवार सुबह कुबेर भंडार शिखर से हिमस्खलन हुआ, जिससे कंचन गंगा का ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ मंदिर से लगभग दो किलोमीटर आगे हुई इस घटना में जान-माल की हानि नहीं हुई। अधिकारियों ने कहा कि हिमस्खलन से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई व्यवधान नहीं हुआ और बर्फ से ढकी चोटियों के आसपास ऐसी घटनाओं को 'सामान्य प्राकृतिक घटनाएं' बताया। चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने कहा, 'यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और ऐसी घटनाएं समय-समय पर घटित होती रहती हैं।' कुमार ने कहा कि हिमस्खलन मुख्य सड़क तक नहीं पहुंचा, क्योंकि बर्फ का विशाल ढेर घाटी क्षेत्र के भीतर ही रुक गया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यातायात और दैनिक जीवन पूरी तरह से अप्रभावित रहा। जिलाधिकारी ने जनता से सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर फैलाई जा रही अफवाहों को नजरअंदाज करने का आग्रह किया, साथ ही नागरिकों को प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की सलाह दी।

# जयशंकर-रूबियो वार्ता से भारत-अमेरिका रिश्तों में फिर दिखी गर्माहट

## व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद और हिंद-प्रशांत सहयोग पर बनी सहमति

**■ दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का दिया संदेश**



**नयी दिल्ली:** भारत और अमेरिका ने हाल के महीनों में आई कूटनीतिक तल्खी को पीछे छोड़ते हुए रविवार को अपने रिश्तों में नई गर्माहट के संकेत दिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच हुई व्यापक वार्ता में व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद, वीजा नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। चार दिवसीय भारत दौरे पर आए रूबियो ने भारत को अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक बताते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध कमजोर नहीं हुए हैं, बल्कि आने वाले समय में और मजबूत होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका की नई व्यापार और आव्रजन नीतियां भारत को निशाना बनाकर नहीं बनाई गई हैं।वार्ता के दौरान जयशंकर ने भारत की विदेश नीति का पांच सूत्रीय दृष्टिकोण सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थक है, सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री व्यापार चाहता है, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान की वकालत करता है और संसाधनों तथा बाजार हिस्सेदारी को हथियार बनाने के खिलाफ है। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैश्विक विकास के लिए ऊर्जा की कीमतें नियंत्रित रहनी चाहिए और ऊर्जा बाजार को कृत्रिम रूप से प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत के अमेरिका, ईरान, इजराइल और खाड़ी देशों सभी के साथ अच्छे संबंध हैं और भारत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता चाहता है।दोनों नेताओं ने रक्षा, उच्च प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज और आपूर्ति शृंखला जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर ने कहा कि भारत शून्य सहिष्णुता की नीति पर कायम है। उन्होंने 26/11 मुंबई हमले के एक प्रमुख आरोपी के अमेरिका से प्रत्यर्पण का भी उल्लेख किया। रूबियो ने संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता जल्द अंतिम रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के हितों के अनुरूप और दीर्घकालिक होगा। रूबियो ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की, जिसमें आतंकवाद-रोधी सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक समन्वय पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## बुलेट ट्रेन परियोजना : एनएचएसआरसीएल ने नवी मुंबई में दूसरी टनल बोरिंग मशीन को उतारा



**मुंबई:** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने नवी मुंबई में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत सुरंग खंड के लिए दूसरी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) को काम पर लगाया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एनएचएसआरसीएल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 350 टन वजनी 'कटरहेड' मशीन को शनिवार को घंसोली के पास साउली में उतारा गया, जो टीबीएम के विभिन्न हिस्सों को काम शुरू करने के लिए जोड़ने का अंतिम चरण है। दूसरी टीबीएम मुंबई के सावली से विक्रोली की ओर सुरंग खोदना शुरू करेगी। पहली टीबीएम को पिछले सप्ताह विक्रोली में काम पर लगाया गया था। विज्ञप्ति के मुताबिक जुलाई के पहले सप्ताह में खुदाई का काम शुरू करने से पहले दोनों मशीनों का अंतिम संयोजन और कमीशनिंग परीक्षण किया जाएगा। एनएचएसआरसीएल के अनुसार, टीबीएम मशीनों को एक ही सुरंग की खुदाई करने के लिए डिजाइन किया गया है जो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की अप और डाउन दोनों लाइनों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बड़ी होगी। इसमें कहा गया है कि सुरंग निर्माण कार्यों के दौरान खुदाई और मलबा हटाने के लिए प्रत्येक मशीन 84 कटर डिस्क, 124 स्क्रैपर और 16 बकेट लिप्स से सुसज्जित है। स्लरी आधारित मिक्स शील्ड टीबीएम मशीनों का वजन क्रमशः 3,080 टन और 3,184 टन है, और प्रत्येक की लंबाई 95.32 मीटर है।विज्ञप्ति के मुताबिक टीबीएम मशीनें अधिकतम चार चक्कर प्रति मिनट की कटरहेड गति से काम कर सकती हैं और सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए 49 मिमी प्रति मिनट तक की खुदाई दर प्राप्त कर सकती हैं। मुंबई की 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के 16 किलोमीटर खंड के निर्माण के लिए मशीनों को असेंबल किया जा रहा है। इस खंड में ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर लंबी समुद्री सुरंग भी शामिल है, जो भारत की पहली समुद्री रेल सुरंग होगी।

## अहमदाबाद में मुद्रा भंडार से 8.7 करोड़ रुपये चुराने के आरोप में बैंक कर्मचारी गिरफ्तार



**अहमदाबाद:** गुजरात के अहमदाबाद में सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के कर्मचारी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा भंडार से 8.7 करोड़ रुपये चोरी कर उन्हें संपत्तियों और क्रिप्टो करंसी में निवेश कर धन शोधन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (डी मंडल) हितेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस ने एक खुफिया सूचना मिलने पर आरोपी हर्षिद्ध कडियार को शुक्रवार को सोला क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि आरोपी बैंक ऑफ बड़ौदा में कनिष्ठ संरक्षक के पद पर कार्यरत था और उसने 13 जनवरी को करोड़ों रुपये की चोरी को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि कडियार को 27 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी कालूपुर क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की गांधी रोड शाखा में कनिष्ठ संयुक्त संरक्षक था, जहां आरबीआई का मुद्रा भंडार मौजूद है। पुलिस के मुताबिक, कडियार ने दो संविदा श्रमिकों के साथ मिलकर इस्तेमाल किए गए लोहे के बक्सों को बाहर ले जाने के बहाने नकदी की तस्करी की। हालांकि, उन बक्सों में कथित तौर पर 8.7 करोड़ रुपये थे।

## सीईसी ज्ञानेश कुमार ने उत्तराखंड में एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा की




**देहरादून:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों की समीक्षा की। उत्तराखंड दौरे के दूसरे दिन बीजापुर स्थित राजकीय अतिथि गृह में समीक्षा बैठक हुई। कुमार ने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहराव वाले मतदाताओं तथा विदेशी लोगों की पहचान करके मतदाता सूची को शुद्ध करना है। सीईसी ने सभी मतदाताओं से आगामी पुनरीक्षण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सहयोग करने और अपनी नवीनतम पासपोर्ट आकार की तस्वीरें उपलब्ध कराने की अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआर सी पुरुषोत्तम ने बैठक के दौरान विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को अवगत कराया कि अधिकारियों ने राज्य में पूर्व-एसआईआर चरण के दौरान मिलान का 89 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। अधिकारियों ने कुमार को बताया कि राज्य विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए विभिन्न मीडिया माध्यमों से व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन क्षेत्र अधिकारियों को राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठकें करने का निर्देश दिया।

## अमेरिका से चीन को भेजा गया 'गोप्रो कैमरा' लश्कर आतंकवादियों के हाथ कैसे लगा, एनआईए कर रही जांच

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद बरामद हाईटेक उपकरण ने खोली आतंकियों के वैश्विक सप्लाई नेटवर्क की नई परत**

**पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) पहलगाम आतंकी हमले की जांच के दौरान उस वैश्विक आपूर्ति शृंखला का पता लगाने में जुटी है, जिसके जरिए अमेरिका में बना 'गोप्रो कैमरा' चीन होते हुए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के हाथों तक पहुंचा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जांच एजेंसी के अनुसार, पिछले साल जुलाई में दाचीगाम के जंगलों में मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों से यह अत्याधुनिक कैमरा बरामद किया गया था। इसके बाद एनआईए ने कैमरे की खरीद और आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क की जांच शुरू की। अधिकारियों का मानना है कि इस मामले से उन अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों का खुलासा हो सकता है, जो आतंकवादी संगठनों को धन, उपकरण और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराते हैं।एनआईए ने कैमरे के स्रोत का पता लगाने के लिए अमेरिकी कंपनी 'गोप्रो इंक' से संपर्क किया। कंपनी ने अपने जवाब में बताया कि यह कैमरा मूल रूप से चीन स्थित एक अधिकृत वितरक को भेजा गया था। इसके बाद जांच इस दिशा में केंद्रित हो गई कि यह उपकरण चीन से पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क तक कैसे पहुंचा।अधिकारियों के अनुसार, इस बात की आशंका है कि कैमरे जैसे उपकरण पाकिस्तानी सेना या उससे जुड़े नेटवर्क के जरिए आतंकी संगठनों तक पहुंचाए गए हों। हालांकि भारत और चीन के बीच पारस्परिक कानूनी सहायता संधि नहीं होने के कारण जांच में कूटनीतिक स्तर पर सहयोग की आवश्यकता पड़ रही है।जांचकर्ताओं का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन अब हमलों की रिकॉर्डिंग कर उनका इस्तेमाल दुष्प्रचार और मनोवैज्ञानिक युद्ध के लिए कर रहे हैं।

## भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सैन्य क्षमता के विकास में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया



**बेंगलुरु:** भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने मजबूत और स्वदेशी सैन्य क्षमताओं के विकास के लिए आत्मनिर्भरता को एक रणनीतिक आवश्यकता बताया है। वह शनिवार को यहां 48वें उड़ान परीक्षण पाठ्यक्रम के पूरा होने के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। बेंगलुरु में 48वें उड़ान परीक्षण पाठ्यक्रम के 11 परीक्षण पायलटों और छह उड़ान परीक्षण अभियंताओं ने 48 सप्ताह के कठोर बहुविषयक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद वायुसेना परीक्षण पायलट स्कूल (एएफटीपीएस) से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस वर्ष स्नातक पाठ्यक्रम में 17 अधिकारियों का समूह शामिल हुआ। इनमें से भारतीय वायुसेना के 14 अधिकारी, भारतीय सेना का एक अधिकारी और भारतीय नौसेना के दो अधिकारी शामिल हैं। ये स्नातक उपाधि धारी विमान और प्रणाली परीक्षण प्रतिष्ठान के विमानन विंग में शामिल होंगे, जो भारतीय वायुसेना की प्रमुख इकाइयों में से एक है। बयान में कहा गया है, ''स्वदेशी सैन्य क्षमताओं के विकास के लिए 'आत्मनिर्भरता' को एक रणनीतिक आवश्यकता बताते हुए सिंह ने स्वदेशीकरण अभियान को बढ़ावा देने और एयरोस्पेस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए परीक्षण दल पर आने वाली भारी जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।''

## नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी शुभम खैरनार को छह जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी शुभम खैरनार को छह जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश रुचि अग्रवाल असरानी ने आरोपी की न्यायिक हिरासत का केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अनुरोध स्वीकार कर लिया। संघीय एजेंसी ने कहा कि खैरनार सहित अन्य आरोपी परीक्षा शुरू होने से पहले ही नीट-यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने में सक्रिय रूप से शामिल थे। सीबीआई ने अपनी रिमांड अर्जी में कहा, जांच करने के उद्देश्य से, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में रखना आवश्यक है, ताकि उन्हें सबूतों के साथ छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने से रोका जा सके।

## त्विषा का दूसरा पोस्टमार्टम संपन्न, रिपोर्ट बनने में कुछ समय लगेगा: एम्स अधिकारी



**भोपाल/नयी दिल्ली:** मॉडल और अभिनेत्री त्विषा शर्मा की दूसरी पोस्टमार्टम प्रक्रिया रविवार को भोपाल में पूरी हो गई। हालांकि, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट तैयार होने में कुछ समय लगेगा। भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में 12 मई को ससुराल वालों के मकान में त्विषा (33) का शव फंदे से लटका हुआ मिला था। उनके परिवार ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। हालांकि, त्विषा के ससुराल वालों ने दावा किया है कि उसे नशे की लत थी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 22 मई के आदेश पर कार्रवाई करते हुए, एम्स दिल्ली ने दूसरे पोस्टमार्टम के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों की चार सदस्यीय टीम का गठन किया था। एम्स, दिल्ली के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा, 'रिपोर्ट तैयार होने में कुछ समय लगेगा क्योंकि इसके लिए हिस्टोपैथोलॉजी और विसरा जांच समेत कुछ प्रयोगशाला परीक्षण किए जाने हैं।' उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की टीम ने मामले से जुड़े आकलन के लिए त्विषा के घर और घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि टीम सोमवार को नमूने, तस्वीरें, वीडियो और लिखित निष्कर्ष लेकर दिल्ली लौटेगी। चिकित्सकों की टीम शनिवार रात भोपाल पहुंची थी और रविवार सुबह करीब 10 बजे यहां स्थित एम्स पहुंची। इससे पहले, त्विषा शर्मा के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अंकुर पांडे ने बताया था कि दूसरी पोस्टमार्टम प्रक्रिया अपराह्न 3:40 बजे तक पूरी हो गई। उन्होंने कहा था कि त्विषा के भाई और उनकी पत्नी द्वारा शव की पहचान किए जाने के बाद दूसरी पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू हुई। परिवार ने चिकित्सकीय दल से अनुरोध किया था कि वह बहु-विषयक फॉरेंसिक, पैथोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल दृष्टिकोण अपनाते हुए उन पहलुओं की स्वतंत्र जांच करे, जिन पर उनके अनुसार भोपाल में किए गए पहले पोस्टमार्टम में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। शनिवार को त्विषा के पिता ने उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति के साथ मेडिकल बोर्ड को एक विस्तृत अभ्यावेदन सौंपा था, जिसमें पहली पोस्टमार्टम प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। इनमें त्विषा के बाएं हाथ और अग्रभाग पर कथित चोटों, चोटों की गहराई और अवधि का पता लगाने के लिए विस्तृत परीक्षण नहीं किए जाने तथा गर्दन व सर्वाइकल संरचना की रेडियोलॉजिकल जांच नहीं होने जैसे मुद्दे शामिल थे।

## फरीदाबाद में बांग्लादेशी छात्र ने आत्महत्या की

**फरीदाबाद:** बांग्लादेश के एक छात्र ने फरीदाबाद में सूरजकुंड-फरीदाबाद रोड स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावास में पंखे से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच किसी प्रेम संबंध की ओर इशारा कर रही है। हालांकि मामले की जांच अभी जारी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मुश्ताक के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश का नागरिक था। इसने बताया कि वह कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था और छात्रावास की दूसरी मंजिल पर एक अन्य छात्र के साथ रहता था। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार देर शाम की है, जब उसके साथ कमरे में रहने वाला साथी बाहर गया हुआ था। लौटने पर उसने मुश्ताक को पंखे से लटका देखा। इसके बाद उसने और अन्य छात्रों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक की जनता के साथ विश्वासघात किया : नितिन नवीन

**बेंगलुरु :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन ने राज्य की जनता के साथ 'विश्वासघात'' किया है और पिछले तीन वर्षों में विकास और कल्याणकारी गतिविधियों से अपना ध्यान हटा लिया है। कर्नाटक की दो दिवसीय यात्रा के दौरान नवीन ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस आंतरिक कलह से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के नेता शासन चलाने के बजाय 'सत्ता का इस्तेमाल निजी हितों के लिए'' कर रहे हैं। नवीन ने आरोप लगाया, 'कर्नाटक सरकार ने पिछले तीन वर्षों में यहां के लोगों को धोखा दिया, जनता के भरोसे को तोड़ा और पार्टी की अंदरूनी कलह के कारण जन कल्याणकारी कार्य पीछे छूट गए हैं।'' उन्होंने परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच 'सत्ता संघर्ष' का जिक्र किया। राज्य सरकार को लोगों की चिंताओं से कटा हुआ बताते हुए नवीन ने कहा, यहां की सरकार का जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। इस सरकार को चलाने वाले नेता सरकार और सत्ता का इस्तेमाल सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कर रहे हैं।

# अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही : जम्मू-कश्मीर पुलिस



**उधमपुर:** जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए मजबूत बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है तथा सुरक्षा एजेंसियां रियासी और उधमपुर जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी कर रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रियासी-उधमपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने कहा कि सुरक्षित और शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। डीआईजी शर्मा माता वैष्णो देवी और शिव खोड़ी तीर्थस्थलों तथा दोनों जिलों में आने वाले जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा और परिचालन क्षेत्रों की निगरानी करते हैं। करीब 57 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा तीन जुलाई से दो मार्गों-अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी और 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'फिलहाल हमारा सबसे अधिक ध्यान अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों पर है। सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं और हम पूरी तरह तैयार हैं। हमारी सभी टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और प्रशासन, निजी परिवहन संचालकों तथा अन्य हितधारकों के साथ करीबी समन्वय बनाए रखा जा रहा है।' उन्होंने कहा कि हालिया सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी और अभियान गतिविधियां तेज कर दी हैं तथा सभी संवेदनशील और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। डीआईजी ने कहा, ''हम सभी संवेदनशील स्थानों पर करीबी नजर रख रहे हैं। खुफिया सूचनाओं और विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर तलाशी अभियान और सतर्कता बढ़ाने जैसे आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सेना, पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध खुफिया साझेदारी और परिचालन समन्वय बना हुआ है, ताकि व्यापक सुरक्षा कवच सुनिश्चित किया जा सके। शर्मा ने कहा, ''सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच मजबूत खुफिया समन्वय है और सभी सुरक्षा उपाय लागू किये गए हैं। रियासी और उधमपुर जिलों में स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है और जहां आवश्यकता है वहां सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा रही है।'' उन्होंने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बल स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहे हैं तथा लोगों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। डीआईजी ने कहा, 'हम विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उनसे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने का आग्रह कर रहे हैं। शांति और सुरक्षा बनाए रखने में जनता का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है।'

## छत्तीसगढ़: पेंशन दिलाने के लिए महिला 90 वर्षीय सास को पीठ पर लादकर तीन किलोमीटर पैदल चली

**अंबिकापुर:** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक आदिवासी महिला अपनी 90 वर्षीय सास को पीठ पर लादकर लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलकर बैंक पहुंची, ताकि वह उन्हें प्रतिमाह मिलने वाली 500 रुपये की पेंशन दिला सके, जो चार महीने से लंबित थी। 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी नहीं होने की वजह से महिला की पेंशन लंबित थी। यह घटना शुक्रवार को मैनपाट विकास खंड में हुई और महिला का वीडियो एक दिन बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में 50 साल से अधिक उम्र की सुखमनिया नाम की महिला अपनी बुजुर्ग सास को पीठ पर लादकर सड़क पर चलती हुई दिखाई दे रही है। सुखमनिया ने वीडियो रिकॉर्ड करने वाले व्यक्ति को बताया कि पहले एक 'बैंक मित्र' घर पर 500 रुपये की मासिक पेंशन पहुंचाता था, लेकिन केवाईसी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण उसकी सास को पिछले तीन-चार महीने से पेंशन नहीं मिल रही थी। क्षेत्र के जंगलपाड़ा गांव की निवासी सुखमनिया मैनपाट कस्बे में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा तक पैदल लगभग तीन किलोमीटर का सफर तय करके पहुंची। मैनपाट जनपद पंचायत की मुख्य कार्यकारी अधिकारी खुशबू शास्त्री ने रविवार को बताया कि पहले बैंक मित्र हर महीने महिला के घर पेंशन की राशि पहुंचाने आते थे। उन्होंने कहा, 'जनवरी में आखिरी बार महिला के घर पेंशन पहुंचाई गई थी। केवाईसी संबंधी औपचारिकताओं में देरी के कारण पिछले चार महीनों से यह सेवा बंद थी।'' सुखमनिया ने बताया कि 22 मई को वह बिना किसी को बताए अपनी सास को पीठ पर लादकर बैंक शाखा तक पहुंची। उसने बताया कि शाखा में केवाईसी संबंधी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बैंक ने तुरंत चार महीने की लंबित पेंशन यानी 2,000 रुपये जारी कर दिए।

# दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर को 40 रन से हराया



**कोलकाता :** विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल के शानदार अर्धशतक और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अंतिम लीग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 40 रन से हरा दिया। हालांकि इस मैच के परिणाम का प्लेऑफ की दौड़ पर कोई असर नहीं पड़ा। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले से पहले राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में चौथी टीम के रूप में जगह बना ली थी, जिससे केकेआर और पंजाब किंग्स दोनों टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 203 रन बनाए। राहुल ने 30 गेंदों में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 56 रन की तेजतर्रार पारी खेली। अक्षर पटेल ने 39 और डेविड मिलर ने 28 रन का योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे के आउट होते ही टीम बिखर गई। रहाणे ने 39 गेंदों में 63 रन बनाए, जबकि रोवमैन पॉवेल ने 29 रन जोड़े। केकेआर की पूरी टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने तीन विकेट झटके, जबकि लुंगी एनगिडी और मिचेल स्टार्क ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ दिल्ली सात जीत और सात हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई, जबकि केकेआर सातवें स्थान पर रही।

## पंत से छिन सकती है एलएसजी की कप्तानी, मूडी ने बदलाव के संकेत दिए

**लखनऊ :** पिछले दो सत्र में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने के कारण ऋषभ पंत से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की कप्तानी छिन सकती है क्योंकि उसके क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने स्वीकार किया है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज दबाव को झेलने में असफल रहा है। एलएसजी 2025 में सातवें स्थान पर रहा था जबकि इस सत्र में उसका प्रदर्शन पिछले साल से भी खराब रहा। पंत की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने दो सत्र में 28 मैचों में केवल 10 में जीत हासिल कीं। मूडी ने शनिवार को पंजाब किंग्स से सात विकेट से मिली हार के बाद पत्रकारों से कहा, ''अगर कप्तानी की बात करें तो निश्चित तौर पर उन्हें यह चुनौतीपूर्ण लगी है और परिणाम इसे दर्शाते हैं।''

## अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में मानसी लाठेर, काजल और सुमित ने स्वर्ण पदक जीते

**दा नांग (वियतनाम) :** भारत का अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रविवार को शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसमें दूसरे दिन मानसी लाठेर, काजल और सुमित ने स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम रखा। मानसी ने 68 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया और उज्बेकिस्तान की फिरूजा एसेनबाएवा को 14-1 से करारी शिकस्त दी। काजल का 76 किग्रा फाइनल में प्रदर्शन भी शानदार रहा। उन्होंने किर्गिस्तान की आइझारकिन झानीबेकोवा को 10-0 से हराया। वहीं ग्रीको-रोमन पहलवान सुमित ने 63 किग्रा वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के ओजोदबेक खलीलबोएव को 12-2 से हराया। इन तीन स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय दल ने दो रजत और तीन कांस्य पदक भी जीते। स्वीटी को वियतनाम की न्गोक एल से 5-7 से हार मिली और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा ने भी 59 किग्रा वर्ग फाइनल में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन उज्बेकिस्तान की लायलोखोन सोबिरोवा से 5-9 से हार गईं। इसके साथ ही भारत को दिन का दूसरा रजत पदक मिला। इस बीच अहिल्या एस शिंदे ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया।

# आर्चर के हरफनमौला खेल से मुंबई को हराकर रॉयल्स प्लेऑफ में



**मुंबई :** जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ राजस्थान के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। वहीं पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ उम्मीदें समाप्त हो गईं।पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 26 गेंदों में 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 रन और दासुन शनाका ने 15 गेंदों में 29 रन की तेज पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। यशस्वी जायसवाल ने भी 27 रन का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में रविंद्र जडेजा (नाबाद 19) और नांद्रे बर्गर (नाबाद 10) ने तेजी से रन जुटाए। मुंबई के लिए दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए।206 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले रोहित शर्मा को खाता खोले बिना आउट किया और फिर नमन धीर को बोल्ड कर मुंबई को बड़ा झटका दिया।इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और विल जैक्स ने 33 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 15 गेंदों में 34 रन की तेज पारी खेली, लेकिन राजस्थान के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर मुंबई को वापसी का मौका नहीं दिया। मुंबई की टीम नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी।राजस्थान के लिए आर्चर ने तीन विकेट लिए, जबकि बृजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर और यश राज पुंजा ने दो-दो विकेट झटके।

## अलीगढ़ बनेगा उप्र का नया 'स्पोर्ट्स पावर हाउस', तैयार हुआ ओलंपिक स्तर का परिसर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत अलीगढ़ जिले में ओलंपिक स्तर का इंडोर खेल परिसर बनकर तैयार हो चुका है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका लोकार्पण कर सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक 13 हजार वर्ग मीटर में 57 करोड़ से अधिक की लागत से बना ओलंपिक स्तर की सुविधाओं वाला इंडोर खेल परिसर अब लोकार्पण के लिए बिल्कुल तैयार है। बयान के अनुसार सिर्फ अलीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए नई उम्मीद और नए अवसरों का केंद्र बनने जा रहे अत्यधिक सुविधाओं से लैस इस परिसर का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोकार्पण करेंगे।

## गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया



**नयी दिल्ली :** भारत के लंबी दूरी के शीर्ष धावक गुलवीर सिंह ने लॉस एंजिलिस में आयोजित एलए ट्रैक फेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में नया आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर स्तर की इस प्रतियोगिता में गुलवीर ने 13 मिनट 03.93 सेकेंड का समय लिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने ही आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 में सुधार किया। इस 27 साल के धावक ने पिछले वर्ष बोस्टन में आयोजित टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता में 12 मिनट 59.77 सेकेंड का समय निकाला था, जो 5000 मीटर में उनका समग्र राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना हुआ है। लॉस एंजिलिस में दर्ज किया गया समय उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। एलए ट्रैक फेस्ट में हैबटोम सैमुअज ने 12 मिनट 57.23 सेकेंड का विश्व का सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि गुलवीर दूसरे स्थान पर रहे। गुलवीर मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं और उनके नाम 10,000 मीटर तथा हाफ मैराथन के राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज हैं।

# पंड्या की कप्तानी उतनी सफल नहीं रही जितनी वे चाहते थे: पोलार्ड



**मुंबई :** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लीग चरण के आखिरी मुकाबले में मिली शिकस्त के बाद मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने रविवार को स्वीकार किया कि कप्तान हार्दिक पंड्या का नेतृत्व कार्यकाल वैसा नहीं रहा, जैसी खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी दोनों को उम्मीद थी। इस हार के साथ ही पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियन्स का अभियान 10 टीमों की अंक तालिका में नौवें स्थान पर खत्म हुआ। पोलार्ड ने मैच के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा, नेतृत्व के नजरिए से देखें तो हार्दिक के लिए यह वैसा नहीं रहा जैसा वह व्यक्तिगत रूप से चाहते थे। शायद यह वैसा भी नहीं रहा जैसा टीम प्रबंधन चाहता था। लेकिन एक बात निश्चित है कि हमने उन्हें टीम का नेतृत्व करने और सफल होने का हर संभव अवसर देने की कोशिश की। पोलार्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को सामूहिक विफलता बताया और किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया। उन्होंने 14 मैचों में टीम की 10वीं हार के बाद कहा, यहां बैठकर किसी एक पर दोष मढ़ने का सवाल नहीं है। जब आप हारते हैं तो आपको सामूहिक रूप से आत्ममंथन करना पड़ता है। हार्दिक कोशिश कर रहे थे, हम सभी कोशिश कर रहे थे, लेकिन चीजें हमारे पक्ष में नहीं गईं। उन्होंने कहा, '' अब समय सुधार करने का है। हम बैठकर चर्चा करेंगे और देखेंगे कि टीम के लिए सबसे बेहतर क्या हो सकता है। उम्मीद है कि अगले 12 महीनों में हम और मजबूत होकर लौटेंगे। टीम में बदलाव की संभावना पर पोलार्ड ने कहा कि फिलहाल भावनात्मक फैसले लेने का समय नहीं है, हालांकि कुछ पहलुओं की समीक्षा जरूरी होगी। उन्होंने कहा, अभी इस बारे में बात करने का सही समय नहीं है। हर किसी को समय चाहिए ताकि वह शांत दिमाग से मूल्यांकन कर सके कि आखिर हमसे कहां गलती हुई। जल्दबाजी में कोई फैसला लेना प्रबंधन की दृष्टि से गैरजिम्मेदाराना होगा।

# मांडविया ने खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया, प्रधानमंत्री को खिलाडियों का 'परम मित्र' कहा




**गांधीनगर :** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने देशभर में विश्वस्तरीय हाई-परफॉर्मेंस खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए रविवार को गांधीनगर में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में कई नई खेल अवसंरचना सुविधाओं का उद्घाटन किया। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति के अनुसार मंत्री ने केंद्र में नव-विकसित पैरा एथलीट हॉस्टल, केंद्रीकृत भोजनालय, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग हॉल, बहुउद्देश्यीय प्रशिक्षण हॉल और मेडिटेशन पार्क का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को प्रशिक्षण, रिकवरी, पोषण, खेल विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में समग्र सहयोग प्रदान कर खिलाड़ियों की तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। साइ परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में मांडविया ने कहा कि देश वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक बुनियादी ढांचे और खिलाड़ी-केंद्रित विकास पर आधारित विश्व स्तरीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है। इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का खेल पारिस्थितिकी तंत्र एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, '' नया भारत एक ऐसा खेल तंत्र विकसित कर रहा है जहां हर एथलीट को बड़े सपने देखने और देश के लिए जीत हासिल करने का अवसर मिले। सरकार समावेशी खेल अवसंरचना और एथलीट कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, विशेष रूप से पैरा-एथलीटों के लिए। उन्होंने कहा, ''नरेन्द्र मोदी हमारे पैरा खिलाड़ियों के सच्चे 'परम मित्र' हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल देशभर में खेल अवसंरचना का विस्तार किया है, बल्कि प्रत्येक पैरा खिलाड़ी के लिए गरिमा, सुगमता, सम्मान और समान अवसर भी सुनिश्चित किए हैं। मांडविया ने कहा, हाल के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में हमारे रिकॉर्ड प्रदर्शन संयोग नहीं हैं। ये खिलाड़ियों में निरंतर निवेश, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक अवसंरचना और इस मजबूत विश्वास का परिणाम हैं कि भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बन सकता है। मंत्री ने कहा कि मंत्रालय द्वारा 'पैरा खेलों के नोडल केंद्र' के रूप में अधिसूचित साइ एनसीओई गांधीनगर, पैरा खिलाड़ियों के विकास के लिए देश के अग्रणी हाई-परफॉर्मेंस केंद्रों में से एक बनकर उभर रहा है।

# समाज्ञा व्यापार

# गंगा एक्सप्रेसवे से माल ढुलाई में समय कम लगेगा, लॉजिस्टिक्स पर 30,000 करोड़ की बचत होगी

**लखनऊ :** हाल ही में शुरू हुए 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे से पूरे उत्तर प्रदेश में माल ढुलाई का समय काफी कम होने की उम्मीद है। इससे सालाना लॉजिस्टिक्स पर 30,000 करोड़ रुपये तक की बचत होगी और एक दर्जन से ज़्यादा ज़िलों में औद्योगिक और भंडार गृह सुविधाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी अनुमानों और उद्योग जगत के जानकारों से यह जानकारी मिली है। यह छह-लेन वाला एक्सप्रेसवे (जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है) 12 ज़िलों से होते हुए मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है। इसे पश्चिमी और पूर्वी उप्र को जोड़ने वाले एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गलियारे के तौर पर



देखा जा रहा है। उद्योग जगत के अनुमानों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में अभी सालाना लगभग 24.5-26 करोड़ टन माल की ढुलाई राज्य के भीतर ही होती है। इसमें मुख्य रूप से अनाज, निर्माण सामग्री और खुदरा सामान शामिल होता है। वहीं, राज्य से बाहर जाने वाले माल की मात्रा 13.5-15. करोड़ टन होने का अनुमान है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, चमड़ा और कृषि उत्पाद प्रमुख हैं। राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स, कृषि, पर्यटन और रोज़गार सृजन को गति देकर राज्य की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय लिखेगा। गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अप्रैल को हरदोई में किया था। इसके शुरू होने से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय लगभग 10-12 घंटे से घटकर लगभग 5-8 घंटे रह गया है। मंत्री ने कहा, यह एक्सप्रेसवे सिर्फ़ एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि एक एकीकृत विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स गलियारा है।

## मार्च में विदेश यात्रा पर भारतीयों का खर्च घटकर 1.09 अरब डॉलर रहा: आरबीआई

मुंबई : भारतीयों का विदेश यात्रा पर खर्च मार्च में घटकर 1.09 अरब डॉलर रह गया, जो फरवरी में 1.30 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। जनवरी में विदेश यात्रा पर खर्च 1.65 अरब डॉलर रहा था। 'उदारीकृत धन प्रेषण योजना' (एलआरएस) के तहत आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, भारतीयों द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विदेश में भेजा गया कुल धन (रेमिटेंस) मार्च में 2.59 अरब डॉलर रहा, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा यात्रा व्यय का रहा। एलआरएस के तहत निवासी व्यक्ति एक वित्त वर्ष में 2.50 लाख डॉलर तक का प्रेषण किसी भी वैध चालू या पूंजी खाते के लेनदेन के लिए कर सकते हैं।


# छोटी, मझोले सीए कंपनियों के लिए फॉरेंसिक लैब स्थापित कर रहा है आईसीएआई

**नयी दिल्ली :** भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) हैदराबाद में एक अत्याधुनिक फॉरेंसिक ऑडिटिंग लैब स्थापित करने जा रहा है। इसका उद्देश्य छोटे और मझोले स्तर की चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनियों को बड़ी ऑडिट परियोजनाओं में भाग लेने के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है। आईसीएआई के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार डी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि फॉरेंसिक ऑडिटिंग तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है, लेकिन छोटे और मझोले स्तर की सीए फर्मों के पास आवश्यक तकनीकी क्षमता और संसाधनों की कमी होने के कारण वे बड़े ऑडिट कार्यों में शामिल नहीं हो पातीं। उन्होंने कहा कि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्थान हैदराबाद स्थित विशिष्टता केंद्र (सीओई) में आधुनिक फॉरेंसिक ऑडिटिंग लैब स्थापित कर रहा है। यह लैब पैसा दो और इस्तेमाल करो मॉडल पर आधारित होगी, जहां जरूरत के अनुसार किसी कार्य विशेष के लिए 'टूल' उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रसन्न कुमार डी के अनुसार, अगले दो से तीन महीनों में इस लैब को शुरू कर दिया जाएगा। आईसीएआई के पांच लाख से अधिक सदस्य हैं, जिनमें बड़ी संख्या छोटे और मझोले स्तर के सीए हैं। संस्थान का मानना है कि इस पहल से घरेलू सीए फर्मों की क्षमता बढ़ेगी और वे वैश्विक स्तर की लेखा कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी।

## सिग्नेचर ग्लोबल का चालू वित्त वर्ष में 5,000 करोड़ रुपये की परिचालन आय का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल अपनी परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के जरिये इस वित्त वर्ष में अपनी परिचालन आय को लगभग दोगुना करके 5,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुरुग्राम स्थित सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड की पिछले वित्त वर्ष (2025-26) में परिचालन आय मामूली रूप से बढ़कर 2,595.86 करोड़ रुपये हो गई थी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 2,498 करोड़ रुपये थी। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 5,000 करोड़ रुपये की परिचालन आय अर्जित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में उच्च वायु प्रदूषण के मद्देनजर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण पिछले वित्त वर्ष में निर्माण गतिविधियां प्रभावित हुईं। अग्रवाल ने कहा कि निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगने के कारण उनकी कुछ परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया और इसलिए तय आय के लक्ष्य भी प्रभावित हुए।

# बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स राज्य में निवेश बढ़ाने में निभा सकता है अहम भूमिका: सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि 'बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' (बीसीसीआई) राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और अधिकतम निवेश आकर्षित करने के सरकार के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभा सकता है। बीसीसीआई के शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार और व्यापारिक समुदाय के सहयोग से बिहार प्रगति से समृद्धि की ओर अग्रसर होगा तथा निवेशकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी निवेश को आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 'बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025' तैयार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में अधिकतम निवेश और औद्योगिक विकास सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में बीसीसीआई की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देश की सबसे सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक नीतियों में से एक नीति तैयार करने के बावजूद बिहार में उस स्तर पर निवेश नहीं आया है, जिसकी उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि राज्य में किसी भी आपराधिक घटना पर प्राथमिकता के आधार पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जा रही है और कोई भी कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक हर तीन महीने में व्यवसायियों के साथ बैठक करेंगे ताकि उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं और अन्य समस्याओं का समाधान किया जा सके। मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि उद्योग केवल सरकारी खजाने से स्थापित नहीं किए जा सकते और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत परियोजनाओं का विकास आवश्यक है।

# अदाणी पर संकट के बादल छंटे, विदेशी निवेश मिलने की उम्मीद बढ़ी : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन ने कहा है कि अदाणी समूह से जुड़े बड़े विवाद और अमेरिकी नियामकीय जांच का जोखिम अब काफी हद तक पीछे छूट चुका हैं। इससे समूह में विदेशी निवेश और निवेशकों की भागीदारी बढ़ने की संभावना है। ब्रोकरेज कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में समूह की चार प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों - अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशन इकॉनमिक जोन, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर और अंबुजा सीमेंट का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में सामने आए शॉर्ट-सेलर विवाद और बाद में अमेरिका में शुरू हुई जांच के कारण कई विदेशी निवेशकों और वैश्विक कोषों ने अदाणी समूह से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब अमेरिकी मामलों में राहत मिलने के बाद निवेशकों का भरोसा लौटता दिखाई दे रहा है। बर्नस्टीन ने कहा कि अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) से जुड़े मामले के समाधान और अमेरिकी अभियोजकों द्वारा समूह के खिलाफ आरोप हटाने की प्रक्रिया ने समूह के शेयरों पर बना बड़ा दबाव कम कर दिया है। इसके बावजूद कई शेयर अभी भी संकट से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले चार वर्षों में समूह ने दो बड़े झटके झेले। पहला जनवरी, 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और दूसरा नवंबर, 2024 से शुरू हुए अमेरिकी एसईसी तथा न्याय विभाग की जांच से जुड़ा घटनाक्रम। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर शेयरों में हेरफेर, कर पनाहगाह के दुरुपयोग और लेखांकन में अनियमितताओं जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इन आरोपों के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और बाजार पूंजीकरण में अरबों डॉलर की कमी दर्ज की गई थी। हालांकि, अदाणी समूह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें दुर्भावनापूर्ण बताया था। इसी बीच, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उच्चतम न्यायालय में कहा था कि अधिकांश जांच पूरी हो चुकी है और ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है, जिससे व्यापक बाजार हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अब हिंडनबर्ग रिसर्च ने अब अपना परिचालन बंद कर दिया है। बर्नस्टीन के अनुसार, बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने की क्षमता अदाणी समूह की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है।

## जल्दबाजी में भर्ती करने के कारण पृष्ठभूमि सत्यापन प्रक्रिया से समझौता कर रही हैं कंपनियां : रिपोर्ट

**मुंबई :** देश में आधे से अधिक नियोक्ताओं का मानना है कि कर्मचारियों की जल्दबाजी में भर्ती करने के चक्कर में नियोक्ता कंपनियां 'पृष्ठभूमि जांच मानकों' से समझौता कर रही हैं। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। कार्यबल नियुक्ति और मानव संसाधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी 'जीनियस एचआरटेक' की रिपोर्ट के अनुसार, 57 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना है कि संगठन तेजी से नियुक्ति पूरी करने के लिए पृष्ठभूमि सत्यापन मानकों में ढील दे रहे हैं। ''बिना सोचे-समझे भर्ती : क्या संगठन पृष्ठभूमि सत्यापन के जोखिमों को अनदेखा कर रहे हैं'' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट एक अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विभिन्न क्षेत्रों के 1,647 मानव संसाधन पेशेवरों और कारोबारी दिग्गजों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया कि विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनियां तेजी से भर्ती करने और आवश्यक जांच प्रक्रिया के बीच संतुलन नहीं बना पा रही हैं। इससे यह स्थिति बन सकती है कि भर्ती किए गए कर्मचारियों की पृष्ठभूमि और योग्यता को लेकर संदेह पैदा हो और कंपनियों को लंबे समय में जोखिम का सामना करना पड़े। रिपोर्ट के अनुसार, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में धोखाधड़ी एक बड़ी और लगातार बढ़ती समस्या बनकर उभरी है। सर्वेक्षण में शामिल हुए 33 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें सत्यापन प्रक्रिया के दौरान फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए शैक्षणिक प्रमाणपत्र मिले। इतनी ही संख्या में प्रतिभागियों ने पहचान या पते से जुड़ी गड़बड़ियों की भी जानकारी दी।

**वर्ष 11, पूर्णांक 3602 अंक 068 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in